ज़तड. ररे ग्युद, तुड. तड. ररे ग्युद।
दुस ग़ुनदोग लो एपो ररे ग्युद।
ग्युस कसतोग छर छु ररे ग्युद।
मिनड. दुन डो छ्ड. ड़ी ठरोग ना जोददे ग्युद।
ठा रोगरे नद छड• ररे थादे।
ञिस तोग चि बेस तोग चि ठरोग न जोददे ग्युद।
हनदोग सड. सड. करकर नड. तेन ग्या थेम।

अनुवाद :

तड.जर देवता

हम लोगों के पूज्य देवता तड.–जर, जो प्यूकर गांव में प्रतिष्ठित हैं, किस प्रकार वहां पहुंचाया गया। इसका विवरण दिया जा रहा है जिसे मैनें क्षेत्र के बुजुर्ग जनों से सुना।

इस प्रकार कहा जाता है कि बहुत पहले तड.–जर देवता तोद क्षेत्र के स्प्रड.–बर गग्रम की उपरली ढलान में मिपुशा के स्थान में प्रतिष्ठित था। अभी तक उस स्थान पर देवीदार वृक्ष और एक खण्डहर दिखता है। समय समय पर अभी वहां के निवासी उस स्थान पर टौटू बलि चढ़ाते हैं। सुगन्धित धूप आदि भी जलाते हैं। तोद क्षेत्र में इस देवता को बारह वर्ष के अन्तराल में नरबलि दिया जाता था। नर बलि प्रथा होने के कारण पीछे तोद क्षेत्र के लोग देवता से तंग आ चुके थे और किसी प्रकार इसको दूर करने की तरकीब सोचने लगे। परन्तु देव दोष कारण नुकसान पहुंचाने से सब डर रहे थे। एक बार एक लामा तोद क्षेत्र में पहुंच गया। उसने लोगों द्वारा देवता को नरबलि चढ़ाने का किस्सा सुना। उसने वहां के निवासियों को नरबलि लेने बाले तड. जर देवता से मुक्ति दिलाने की बात की। लोगों द्वारा लामा को ऐसा करने की इजाज़त दे दी। लामा ने इस देवता को क्षणभर ग्राम के नीचे भागा नदी में फेंक दिया। देव चिन्ह (लाहुल का) लकड़ी के डंडें पर रंग विरंगे सूती कपडों के टुकड़े आदि बांधे होते हैं। जो नदी में बहता हुआ पुनन क्षेत्र स्तिगंरी गग्रम के नीचे भागा नदी में दो पत्थरों मे फंस गया। और नदी को एक अजीब धुंध ने घेर रखा था। जिसकी बजह से अन्धेरा छाई हुई थीं। सतींगरी और आस पास के गग्रम वासी जब नदी के किनारे उस धुंध को देख रहे थे। एक पुरूष पर देवता चढ़कर कांपते हुए बोलने लगा, मैं देवता तड. जर हूं। मुझे नदी से बाहर निकाल दो। लोगों ने तड.जर और उसके नरबलि की दास्तान सुन रखा था। डर के मारे देवता से पूछा। यदि नरबलि नहीं

लेगें तो आपको बाहिर निकाल देंगें। फिर देवता चढ़ा हुआ मनुष्य ने कहा मुझे टोटूबलि और भेड़ –बकरी की बलि ही दिया जाए। लोगों ने देवता को बाहिर निकाल कर सतिगीरि ग्राम में स्थापित किया। इसकी पूजा– अर्चना का ज़िम्मा थोस तेगरिगया के खानदान को सोंपा गया। इस प्रकार कई वर्षों तक तड. जर को सतिगंरी में स्थापित कर पूरे पुनन धाटी का शीर्ष देव मान लिया। लोगो द्वारा देवता पूजा और अन्य धार्मिक कृत्य समय समय पर किया जाता रहा। देवता भी प्रति तीन वर्ष के अन्तराल में समूचे पुनन क्षेत्र सतींगीरी से बिलिंग तक का चक्कर लगाता।

फिर कुछ वर्षों पश्चात लोगों ने कहा कि संगीतरी में लाहुल आने जाने वालों के मार्ग पर पड़ता है जिसकी कारण तड.जर देवता का अशुद्धि हो जाता है। इस तरह प्यूकर ग्राम में ले जाना उचित होगा। इस तरह तड. जर देवता प्यूकर में स्थापित हुआ। वहां पहले भी एक अन्य देवता स्रोवग नाम का स्थापित था। तड. जर देवता का संक्षिप्त स्तुति।

उमा, उमा (ओ देव, ओ देव।)
अर्पण –अर्पण देवराज कुल रक्षक तड. जर।
तड.जर दादा तेरी स्तुति तेरी स्तुति।
सर्वदा (तेरी कृपा द्वारा) वर्ष फल ठीक रहे।
खान – पान में बृद्दि हो (ठीक प्रकार)
समय समय पर वर्फ और वर्षा हो।
सर्व जन बीमारी और कष्टों से रहित हों।
घर में और बाहर रहने वाले सब निरोग रहें।
आपको शुद्ध सामग्री से पूजेंगे।

टोटू बलि – सतु का पिंड जिसे मक्खन की लाइनिंग देकर देवता को चढ़ाया जाता है।

गीत

–सतीश कुमार लोप्पा

देवर – दिग्साग् ईनो छुनमा तीकी रीते,
हां इनि ली जी थिर।

भाभी– क्यूमा जोइस नड. घी ख्याग,
हीती हनदोग् खा– रोग ग्यूशि ता।

देवर – लेन्दे ईनो यतो तीकी रीते,
बामा घी रोग रीचे दू थिर।

भाभी – हेन्जी फ्यस थे छिग्पा घीरोग रारे,
पोउला यम्पों पुशा हाई फीज़ी दात।

देवर – मालः ताई ईनी मेची झोते,
लेन्दे ताल ईनी दूची झोते।

भाभी – फ्यस नड. हईं खमलोग्स घीरोग रार,
र– नड.–का हन जिस्पी फीजी तुबगत्।

देवर – ज़माना छाईं लेग्शी एल्ज़ा कन्नी,
दिग्साग् एरी दड. लेग्शम मई।

भाभी – पोक्शी बुछा लब्ज़ा घीरोग माद्
क्युग्स हन्ज़ी पुशा घीज़ी फग्यत्।

देवर – दिग्साग् ईनी खातिग लिग नड. लीजी थिर,
घी रोग छुन्दे द ईनी माठ्ठब।

देवर – दिगसाग ईनी खातिग् लिगनड. लीजी थिर,
हिन जोग ननचा दा ईनी माठ्ठब।

अनुवादः

देवर – भाभी तुम को जलवाहिका मैं लाना चाहूं,
हामी ज़रा तुम अपनी भर दो ना।

भाभी – मेरे होते हुए घर में यहां,
तुम को और कोई क्यों चाहिए।

देवर – काम करने तुमको एक साथी मैं लाना चाहूं,
मुझे दुल्हन तुम अपनी लाने दो ना।

भाभी – सुन तेरी यह बात गुस्सा मुझ को आता है,
यह जूती तेरे सर दे मारूंगीं।

देवर – स्थान उसका तुमसे सदा नीचे होगा,
काज में पहले तुम से सदा जाएगी।

भाभी – तेरी इन बातों से उबकइयां मुझे आती हैं,
गर आओ तो मुंडन कर दूं तुम दोनों के।

देवर – ज़माना बदल गया है देखों तो सारा,
भाभी हमारी बदलने की नहीं अब भी।

भाभी – दुष्ट लड़के सीख तुम्हारी मै न चाहुं ,
तुम्हारे सर देखना राख की बरसात करूंगी।

देवर – भाभी तुम को जो करना है सो कर लो,
मुझ को अब तुम न यूं बांध सकोगी।

देवर – भाभी तुम को जो करना है सो कर लो,
हम को अब तुम न यूं दबा सकोगी।

मिक्चुमचू

—उरज्ञान छैरिंग मैलगपा

मिक्चुमचू शब्द मिक्स से बना है जिसका पुनन/ गाहरी बोली में मतलब गिनती होता है। इसी बोली में मिक्स का एक और मतलब कहानी भी होता है। हमारा यहां मिक्स का सम्बन्ध गिनती से है। अतः मेरे हिसाब से गाहर बोली के मिक्चुमचू शब्द को इस तरह से समझा जा सकता है:— पहला मिक्स जिसका अर्थ गिनती है। दूसरा अर्थ गिनती करना है' तथा तीसरा मिक्चुमचू जिसका अर्थ किसी खास समय और अवधि के लिए गिनती करना है। गाहर घाटी भागा नदी के नीचे के भाग में दायें और बायें तरफ बसे तीन कोठियों बरवोग, कारदंग, और गुमरंग (करिंग गांव को छोड़कर) बना है। इस घाटी में प्रतिवर्ष निश्चित तिथि 13 मार्च से 13 अप्रेल तक के अवधि को यहां की बोली में मिक्चुमचू कहते हैं। इस मिक्चुमचू को मुख्य रूप से छः (6) भागों में बांटा जा सकता है जिन का नाम निम्नलिखित हैं:—

1 चटोली।
2 गपपो लोम्पो नंग (व) गरा शिप्पी।
3 शंगटे शंगजी।
4 शर्बा नचूंगमा।
5 लेन।
6 नौ बृक्षु।

जो उक्त क्र0 सं0 5 में लेन है उसको आगे और सात भागों में बांटा जाता है जो इस तरह है:—
लेन:— 1. लंगकेस 2. म्योस 3. ससुर 4. नुसूर 5. त्वस 6. खुइस 7. गुन्दीगस।

उक्त मुख्य छः (6) और लेन जिसका आगे और सात (7) भाग हैं इनको 13 मार्च से लेकर 13 अप्रेल तक ठीक एक महीने बनते हैं, के साथ समायोजित किया गया है।या यों कह सकते हैं इनकों 13 मार्च से 13 अप्रेल के अवधी में बांटा गया है जिसे मिक्चुमचू कहते हैं। इन सब का विस्तार से वर्णन नीचे किया जा रहा है:—

1. **चटोली:—** यह हर व्रर्ष 13 मार्च को ही आता है।

2. **गपपो लोम्पो और गरा शिप्पी:—** यह चटोली के अगले दिन सिर्फ एक दिन 14 मार्च को होता है। यहां की बोली में गपपो लोम्पो का अर्थ राजा रंक और गरा शिप्पी का अर्थ लुहार व उससे भी नीच जाति के लोग है। 14 मार्च का आधा दिन यानी दिन के 12 बजे तक गपपो लोम्पो के लिए होता है और आधा दिन यानी 12 बजे के बाद गरा शिप्पी के लिए होता है। ऐसी मान्यता है कि यदि इस दिन 14 मार्च के दिन भर वर्षा हुई तो गपपो लोम्पो और गरा शिप्पी दोनों के लिए जो साल चल रहा हो वह कष्टदायक रहेगा। यदि वर्षा न हो और मौसम साफ रहे तो इन लोगों के लिए पूरा साल शुभ रहेगा। इसी तरह से जैसे इस दिन को दो भागों में (दिन के 12 बजे से पहले और बाद) में बांटा गया है। यदि 12 बजे से पहले वर्षा हो तो केवल

गपपो लोम्पों के लिए अशुभ माना जाता है और यदि 12 बजे से पहले मौसम साफ रहा तो उनके लिए शुभ माना जाता है। इसी तरह से 12 बजे के बाद गरा शिप्पी के लिए किया जाता है। यहा मैं गाहर बोली में शुभ और अशुभ के लिए विशेष तौर से दो शब्दों 'लाक्शी' और ' नोङशी' का प्रयोग किया जाता है। लक्शी का मतलब शुभ और नोङशी का मतलब अशुभ होता है। अतः वर्षा होने या मौसम साफ रहने पर लाक्शी व नोङशी कहते हैं।

3. **शांगटे शांगजी** :– यह गपपो लोम्पो व गरा शिप्पी के अगले दिन 15 मार्च से 21 मार्च तक एक सप्ताह का होता है इसमें भी सप्ताह के दौरान यदि वारिश हो तो शांगटे शांगणी जिसका यहां की बोली में अर्थ बुजुर्ग मर्द व औरते हैं। नोङशी यानि अशुभ कहते हैं। और यदि मौसम साफ रहे तो वर्षा उन बुजुर्गों के लिए लाक्शी यानि शुभ रहेगा।

4 **शर्वा नचूंगमा**:– यह भी शांगटे शांगजी के बाद 22 मार्च से 28 मार्च तक एक सप्ताह का होता है। श्शर्वा नचुंगमा का गाहरी बोली में मतलब नौजवान लड़के व लड़कियां होता है। इसमें भी वैसे ही यदि उक्त सप्ताह के दौरान वर्षा होती है तो नौजवान लड़के लड़कियों के लिए वर्षा के दौरान अशुभ व यदि मौसम साफ रहा तो उनके लिए शुभ रहेगा।

5 **लेन** :– यह शर्वा नचूंगमा के बाद 29 मार्च से 4 अप्रेल तक का होता है। गाहर में लेन का मतलब काम होता है। लाहुल में हर वर्ष सर्दियां समाप्त होने व वर्फ पिघलने के बाद खेती बाड़ी का जो काम निकलता है (तरतीव से) और सारा काम समेटने के बाद फिर से सर्दी का आना और वर्फ गिरने तक सारे काम को मोटे तौर पर उक्त लेन जो एक सप्ताह (29 मार्च से 4 अप्रैल) का होता है, एक एक काम को सात दिन में बांटा गया है। जो निम्न हैः–

5.1 **लंगकेस**:– यह लेन (काम) का पहला दिन 29 मार्च होता है। लंगकेस का गाहर में मतलब जब सर्दियों में गाय, भेड, बकरियां आदि के मल–मूत्र व घास फूस आदि सब मिला कर सड़ने के लिए ढेर लगा कर रखा जाता है जिसे वर्फ पिघलते ही खेतों में पहुंचाया जाता है जिससे खेतो को हल चलाने व विजाई के लिए तैयार किया जा सके। इस सड़े हुए गोबर (देशी खाद) को घरों में पड़े ढेर को ढो कर खेत में लगाने को लंगकेस कहते है। इस दिन पानी 29 मार्च को वर्षा हुई और देशी खाद डालने व ढोने के काम में विघन डाले तो अशुभ माना जाता है। कहने का तात्पर्य यह होगा कि यह खाद फसल के लिए ठीक नही रहेगा। और यदि मौसम साफ रहे तो शुभ व खाद फसल के लिए उपयुक्त रहेगा। और फसल भी भरपूर आएगा। वर्ष के दौरान असली जब गोबर ढोना हो उस दिन वारिश हो सकती है ऐसा माना जाता है।

5.2 **म्योस**:– लंगकेस के अगले दिन 30 मार्च का दिन म्योस का होता है जिसका मतलब हल चलाना होता है। इस दिन यदि वर्षा हुई तो असली म्योस (हल चलाने) वाले दिनो में भी वर्षा हो सकती है। इसलिए म्योस वाले दिन वर्षा होने पर अशुभ माना जाता है। यदि इस दिन मौसम साफ रहे तो असली म्योस (हल चलाने) वाले दिनों में हल चलाने का काम ठीक से चलेगा।

5.3 ससुरः– म्योस के अगले दिन 31 मार्च ससुर का होता है ससुर का मतलब बिजाई करने के बाद खेतों मे जब नया नया फसल उगा होता है तो उसके साथ फालतू घास उग आते हैं उन्हे छोटी किलनी जिसे यहां की बोली में सुरमों कहते हैं, के साथ निकाल लेते है। इस दिन यदि वर्षा हुई तो बाद में असली ससुर के समय भी वर्षा होगा। जो फसल के लिए शुभ माना जाएगा। क्योंकि इस समय पौधों को पानी की आवश्यकता होती है । ससुर के दिन वर्षा नहीं हुई तो अशुभ माना जाता है। क्योंकि ऐसा माना जाता है बाद में असली ससुर के समय सूखा पडेगा।

5.4 नुसूरः–
छोटी किलनी (सुरमों) का सहारा नही लिया जाता है। इस प्रकिया को नुसुर कहा जाता है इस समय तक फसल का पौधा काफी लम्बा हो चुका होता है। इसीलिए वर्षा की आवश्यकता ज्यादा नही होती है। अतः यदि नुसूर (1 अप्रैल) के दिन वर्षा हुई तो बाद में असली नुसूर के दौरान वर्षा होकर नुसूर के काम में बाधा डाल सकता है। और ज्यादा वर्षा होने पर जो फसल लम्बा हुआ होता है सुला/लेटा भी जा सकता है। यदि वर्षा नहीं हुई तो षुभ माना जाता है।

5.5 त्वसः– नुसूर के अगले दिन दो अप्रैल का दिन त्वस का माना जाता है त्वस का गाहर में मतलब घास कटाई का काम होता है । घास कटाई का असली काम 10 से 15 अगस्त से शुरू होकर अगस्त अन्त या 5 से 10 सितम्बर तक प्रतिवर्ष चलता है। त्वस यानि दो अप्रैल वर्षा रहे तो बाद मे असली त्वस (घास कटाई) के दौरान भी वर्षा होकर घास खराब हो सकता है। इसलिए इस दिन वारिश होना व नहीं होना अशुभ व शुभ माना जाता है।

5.6 खुईसः– त्वस के अगले दिन 3 अप्रैल खुईस का होता है खुईस का मतलब जौ , गेहुं के फसल को थ्रैसिंग करने को कहते हैं। पुराने समय में जौ काफी मात्रा में बीजते थे। थ्रैसिंग (खुईस) आजकल की तरह मशीन से न होकर गाय, चुरू, घोड़े आदि पालतू जानवरों के साथ होता था जो कई कई दिनों तक चलता था। खुईस यानि 3 अप्रैल का वारिश हो तो ऐसा माना जाता है कि बाद में भी असली खुईस के दौरान भी वर्षा होगी। और यदि मौसम साफ रहा तो असली खुईस के दौरान वारिश न होकर सारा काम बिना रूकावट के ठीक चलेगा।

5.7 गुन्दीगसः–
माना जाता है यदि गुन्दीगस (4 अप्रैल) वाले दिन वारिश होतो बाद में उसी वर्ष जल्दी वर्फ गिरकर (खुईस के बाद) रोहतांग दर्रा बन्द हो जाएगा। यदि इस दिन वारिश न होकर मौसम साफ रहे तो जो साल चल रहा है खुईस के बाद भी काफी देर तक रोहतांग दर्रा खुला रह सकता है। और वर्फवारी जल्दी नहीं पड़ेगी। इसीलिए गुन्दीगस (4 अप्रैल) को वर्षा होने या न होने का अशुभ (नोञशी) व शुभ (लगशी) कहते हैं।

6 नौ ब्रिशुः– गुन्दीगस के बाद 5 अप्रैल से 13 अप्रैल तक जो नौ दिन रहते है उसे नौ ब्रिशु कहते हैं। ब्रिशु यानि 13 अप्रैल के दिन लोग सुबह सवेरे ब्रिशु लांग (देशी गोबर का खाद) का

एक किल्टा घरों से भर कर खेत में डाल आते हैं। उसे ब्रिशुलांग डालना कहते हैं। यदि खेतों में बर्फ इस दिन नहीं भी निकला हो तो भी बर्फ के ऊपर डाल कर आते हैं। गहर में भागा नदी के दायें तरफ वाले वृशु के बाद हल चलाना शुरू कर देते हैं, यदि खेतों में से बर्फ निकल गया हो। पर यह जरूरी नहीं कि हर वर्ष वृशु के अगले दिन से ही खेतों में हल चलाना शुरू कर देते हों। यह सारा वर्फ पर निर्भर करता है कि सर्दियों में कितना वर्फ पड़ा है। लाहौल में कहावत यह भी है कि कभी–कभी वृशु (13 अप्रेल) के बाद भी 9 फुट वर्फ पड़ने का रिकार्ड भी है। ऐसे में उस दौरान हल चलाना वृशु से काफी बाद हो पाता है। यदि सर्दियों में वर्फ लाहौल में ज्यादा पड़ा हो तो पुनन में भागा नदी के बायें तरफ वालों का हल चलाना दायें तरफ वालों से 15 –25 दिन बाद ही हो पाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि भागा नदी के बायें तरफ वाला भाग में सूर्य की किरणें सीधी नहीं पड़ती हैं इस कारण खेतों में से वर्फ काफी दिनों के बाद ही पिघल पाता है।

SUSHEEL
&
COMPANY

Potato Seed Growers, Suppliers
& Commission Agents

Manali-175131, Distt. Kullu (H.P.)

Ph. : 01902-252478 (PP)

" फुन फोन्ड़ारे"

बः बि बोस कुट्रातोर,
यः बि यंगज़ कुट्रातोर,
रूह बि बः कुट्रातोर,
युग बि यः कुट्रातोर,
उई देशो सी मिउ खमज़े रूठे चेच़तोर,
चूड़ि पौको खम जप्पि चेच़तोर,
ब्याह शुचि धैणीतिंग तिर पिछ्री खरे चेच़तोर,
छोलो ए तास योज़िरिंग ज़ीर पूर बंगज़तोर,
मेंचिमिरे मंडल मीटिंग रिंग युवातोर,
गंगमिरे जिकि ठोपो लातोर,
फरजू कच्चांग खिगोप ततोर,
आउ कच्चंग ती ए चङः ततोर,
इच़ इच़ कटुरे मोड़े लातोर,
तां लः मुन्जे छाछे श्श्वातोर,
ब्याह रोहरिंग ब्याउ ढोल बेन्ज मिन्ज़तोर,
जिस्पे आंगमो– छैय – छैय रिंग– कोन्ज़ा खड़े लतोर,
कटु पटुतिंग हेन्दु गप्पा फासा मकन्ड्रतोर,
तरछे मरचेल अंग्रेजी प्रौवतोर,
न दीचि हेन्दु बोली ज़ेच़तोर,
न हेन्दु रीति रिवाज़,
दिरे मनविचं शुचि तोतोर,
नः स्वागलो तोतीर न दखतेऊ- शुतोर,
ब्याह रोह रिंग खम–मेश्र ज़ोंग भी ऋणशशु क्वातोर,
शगोग, शागुन, झोलन्– फोलनू– उइए चेच़तोर,
चि शुदा चि मशुदा शुन्गज़ि अपीमि मः,
शु मशु दिरे फुन फोन्डा शुरे,

फुन फोन्डारे :	ऐसे बच्चे/ नौजवान जो आम तौर पर घर के, गांव के रीति रिवाज़ से मतलब नहीं रखते।
मन बिचंग :	न इधर का न उधर का।

क्रमशः पेज नं0 59 पर

गीत

–सतीश कुमार लोप्पा

दी ची ल्हेइना, ग्यु सेम लेन्ज़ा,
चुड.का अच़्चा ईलीना।

क रड़. दोइ कूट्रा, चूडी कामा,
छड़.ज़ा अच़्चा अतीगा।

करड़. दोइ कूट्रा, कानू अमरिड.,
रहुम्ज़ा र्हुम्ज़ा छादीगा।

दी ची ल्हेइना––––––
गे: रड़. ब्योल्ज़ा, दी घाड़िड़.ज़े,
दु घाड़िंड़. अच्चा ईलीना।

गे: शेके तोऊ, सेमु निशाणी,
अउं केई लेन्ज़ा शीलीना।

दी ची ल्हेइना–––––––––
इमिरिड़. इल्दा, ग्यू सूराता,
टिरो तुई अच्चा आपोतो।

मड़.ड्ढुड़. अन्जे, ग्यु इम किन्ड्रा,
र्हिब्सा अच़्चा ईलीना।

दी ची ल्हेइना–––––––––––––।।

अनुवाद:

यह क्या किया , मेरा दिल लेके,
घर को चल दी तू।

तुझ से मिलने, मैं घर के काज,
तज कर आया हूं।

तुझ से मिलने, तेरी राह मैं,
तक तक हारा हूं।
यह क्या किया————————।
मुझसे भागी, इस गली से,
चली उस गली तू।

संजो के रखना, दिल की निशानी,
जो लेके चल दी तू।

यह क्या किया————————।
गर सोने जाओ, सूरत मेरी,

सपनों मे आके, मेरी नींद उड़ाके,
हो ली तू।
यह क्या किया'————————।

शेष पृष्ठ 57 से :-

शा खोग : पुराने ज़माने मे लड़के वाले शादी वाले दिन एक अच्छा भेड़ बकरे को मार कर उसके शव को काट कर बरात के साथ ले जाते थे और उसको लड़की के घर रीति रिवाज के मुताबिक काट कर लड़की के रिश्तेदारों में बांटते हैं। अब लड्डू का ज़माना है।

झोलूनु – फोलुनुः सुखा गेंदें के फूल का बनाया हुआ फूल जो शादी – ब्याह में पहनते हैं पर अत्यंत Artistic होता है।

झिकि – ठोपो चुल्हा चौकी व बरतन मांजना।

खिगोप– टोलैट

यह कविता आज के लाहुली नौजवानों की लाहुल की तेज़ी से बदलती मानसिकता, सामाजिक रीति रिवाज़ों के प्रति उदासीनता और बदलते मूल्यों को उजागर करने की प्रयास करती है।

– प्रेम

दु हज़यार रात

—बलदेव रापा

इता घुप्पन हज़यार रात, दोरिड. शिड.चिमि ट्रो मुग बजेकि। रातो अट्ठ – नौ आर शुचि शोतो। अचड. – कचड.कि मिन्हा मीरे धुईघा मुग बजेकिउ बिचड. दुड.गेरारे चोकसा रिचाडू, टोकठे अन्जे हग लातेर । ए चां रे................

ए ल्वाहर रे .... । ए छना लन अपि हकसु ?

तां ध्वांह्रे इ मेचिमि बमजितु घड़े शुचे बुप्सा - छड़.सा मुगए मुग शुचे हकेक्सातु हकां अति। ए अतिना ? उइरे आंऊ ? रूकचातोर। रड.गे चि शपोतो। एनो सोठए म। मीतू कचड. अपे फोआ य्हाउ अति। कपा कपा कू – टबरा रे भत्ते रागसे शिलि । गे छना अतिगा पताए म।

सन् 1948 ईसवीउ ढड.ला इलदा– इलदा ड.रग त्रुग्रग बे लगातार झड़ा तोई। य्हड.लो साजामेतिड. (चेत्र संकान्ति) रातरिड. योबरड. सामें फांडीउ नाढ़ड. तोरिड. शियारिड.जिबे इच्वा मुदे रिड्रिके अति। रात शुबे अच्चिला री अपि मतड.रीरे। धोंण मह्स री अपेला अन्जिए म। योबरड. लिड. भत्ते कप्ट्रा री बेन्डिड. पिचे इलि। रीउ इ मुकह् योबरड. नगरो हकां अति। दोइ इटु चांहतु जीहटु ल्वाहरतु चुड. तेपचे केरि।

चांहतु इच्वा योह् एनो सातिउ दगिउ कचड. कथा रेड्री इलजि तोई। दु षिडि. केशिरि। चुड. दोउ याह्– बाकू मेचिमि कटुतड. साते तोईरे, भत्ते तेबसा सिए इलिरे।

रीए रिसगतु चाला , रीज़ि धरति तुरपि चेके इ ल्वाहरतु इ गड.मि छना – छना पोगज़िआ बुगीतु लड.दिड. हुचा बचेकति। दोउ ककाए छमो कटु बू गूड़िड. लम्प कुरचा पोग्शातोकू। रेइ अमरिड.ए षुमला रीज़ी तेबचे केत्तो।

चुड. य्हड.दे इच्वा केषा इल्जह्। दु घरबा दचे सी इल्जह्। य्हड.देउ म्यों कका –छमो थले पोगशा। दोउ षिड.मि केषि, आउं पूरिरिड. दुपिचते, दु पूरि म दचा। दु पूरिउ इ भीति दचे फुग्चा हुचा इल्जह्। दु मेचिमि दु फुग्चा अच्वे हुचा हकेक्सा मीतु कचड. पिचा। दोई चेकतो, रागस अन्जे गिउ कका–छमो दोकुतु कटु, बाड़े कका भत्ते लेन्ज़ा शिल्दो।

अइसड. ल्वाहरतु चुड. इच्वा पूरि रड.गि शुबे रीज़ी थदु मा, तेप्चे केत्तो। रपे, रषेलकि मीचि साति ले जीरग–षुमरग थल दु लवाहरतु टबरारे षिडि. हुन्दोर।

गोरोमकि यम्बेउ, षड.मेउ मीचि साति ले तेराकिया थल तेबसा सी मीरे हुन्दोर। हत्र्यार रातो दि रीज़ी सेइमि मी सचे केरि।

प्राचीन लाहौल के संस्कृति के कुछ भूले बिसरे अंश

—शंति कुमार पुजारी

घूरे

1 बोला गूंशेना लगी हो जोगणी रे जातरे,
गूरे री गेई त्रोडे।

2 बोला जोड़ी न माणू वारि जोगु गये,
टाशी पड़ाशी रे पूछे।

3 बोला टाशी पड़ाशी बोला बोलांदे,
नंदि पुत्रु तेणि प्यारे।

4 बोला आगे चलूंदे द्रगे आ निशाणे,
पीछे चलूंदे नंदि गुरे।

5 बोला दाहिने न हाथे गूगले री धूपे,
बामें न हाथे अरूगा।

6 बोला चांननि लगोरी रिमाआं न भूमिआं,
सुरुगा भरौरि तारे।

7 बोला भलि करि नाच हो गूंशेरि धरनि,
मूंगा मोती करि हारे।

8 बोला भलि करि नाच हो, गूंशेरि गबरू,
पटुका प्यारि तैणि डौले।

9 बोला भलि करि नाच हो गूंशेरि याणि,
हिनाणि—मुनाणि तेणि बासे।

10 बोला साबे नाचुंदे रूकणु न देवणू,
डेरा नचुंदे नंदि गुरे।

1940 से पहले का लाहौलः—

जो देवी देवताओं का युग था गुर भट्ट का ज़माना था और तंत्र—मंत्र का समय था। उस समय देवी देंवताओं का जिस विधि से पूजा—अर्चना की जाती थी, वह लाहौल के सबसे बड़े गांव गौशाल जो चंद्रभागा के संगम में स्थित है। गांव गौशाल में सर्वप्रथम जो पुरातन डेहरा या जहां पर देवी की पूजा होती थी, वह '' तिलो माता'' थी। प्रति वर्ष ''तिलो माता' की पूजा अर्चना, मेला तथा योर आदि का आयोजन काफी अधिक होता था। गर्मियों में सबसे प्रथम मेला बैसाख के साजा यानि (शेकचुम) के दिन तिलो माता की जातरा हुआ करती थी। क्योंकि उन दिनों गौशाल के और लाहौल के चारों तरफ की धरती हरियाली से परिपूर्ण होती थी, और चारों तरफ क्वांटि, शेबला, लेबला, पोरलो के सुन्दर फूल खिले होते थे, जिसने लाहौल की धरती को स्वर्ग के समान बना दिया था। उस समय तीन प्रसिद्ध गूर हुआ करते थे, जिसमें एक यं—तोजिंग एक शांशा तथा एक वारि गांव से सम्बंध रखते थे। लेकिन 1920 के पश्चात् एक ही गांव यं— तोज़िंग से गूर आने लगा। यह गौशाल का पहला गर्मियों का जातरा होता

था जिसे शेकचुम जातरा या फूल जातरा कहते थे। उस मेले के लिए सालों से पहले तैयारियां की जाती थी। यह तैयारियां लोंगों के खाने पीने तथा रहने और उनके स्वागत समारोह आदि से जुड़ी होती थी। क्योंकि उस मेले में लाहौल के सभी गांवों से लोग आते थे। उस मेले में गौशाल गांव की लड़कियां जिनकी शादी गांव से बाहर हुई होती थी, वह तिलो माता की सेवा में भेंट लाया करती थी जो लाल, पीले वस्त्र, धूप–दीप, सोने चांदी के टीके आदि होते थे। तत्पश्चात मेले के आरंभ में पुजारी के घर के छत में एक भण्डार हुआ करता था, जिस में देवी की मूर्ती और जेवरात और वस्त्र आदि तथा गाजे–बाजे, नरसिंगा, नफरी होते थे। उन जेवरात तथा वस्त्रों को पुजारी एक टोकरी में डालकर भंडार से अपने सिर पर उठाकर आगे आगे गांव वाले खूब गाजे बाजे के साथ और गांव के हरिजन लोग जो बड़े निपुण और गुणी संगीतज्ञ होते थे जो बांसुरी वादक और नगारची तथा ढोल के साथ सब गांव के लोग सज धज कर मस्ती में झूमते हुए भंडार से डेहरा के प्रांगण में पहुंचते और वहां पहुंचते ही देवी का स्वागत–सत्कार हुआ करता था। दूसरे दिन देवी के रथ को फूलों से और सोने चांदी के मूरत और जेवर से सजाया करते थे। सजाने वाले गौशाल गांव के राणा खानदान से हुआ करते थे। गांव में से सभी महिलाओं को नहा–धोकर तथा सज धज कर डेहरा के सामने हरी भरी जमीन " चिरि दंजा " में फूलों के बीच बिठाया जाता था। ऐसी कहावत है कि महिलाओं के बीच में जोगणी देवी परियां बैठती थी। तब डेहरा के सामने सभी गांव वाले बैठते तथा गाजे बाजे वाले खूब बट–बाण बजाते और माता का जयकारा करते थे। इसी बीच गुरू चेला को देवी आती थी और खूब खेलते, जिसे दैवीय भाषा में बोल कहते थे। जिसमें आने वाले साल के अन्न–धन, वर्षा, बिमारी आदि के विषय में भविष्यवाणी करते थे। उसके बाद सखा आरंभ होता था जो निरंतर चलने वाला नृत्य व संगीत होता था। उसके बाद लोग डेहरा से झूमते नाचते गांव के बीच दवे पार्क, कुंभ या जिसे सवा कहते हैं, वहीं पर सरबा आरंभ होता है, जिसमें दो दो जोड़ी नकारची और एक पौन और दो–दो गुणिया यानि बांसुरी वादक इस लय में नाच शुरू करते जिसे सखा का नाम दिया जाता था। उस समय में दो प्रसिद्ध बंसी वादक थे जिनका नाम राम और भागू था। जब वह सखा शुरू करते थे तो ऐसा प्रतीत होता था कि वृंदावन में कृष्ण भगवान का रास लीला आंरभ हो गया हो और मानो धरती आकाश की ओर मिलने जा रही हो। जिसमें गांव के युवक तथा वृद्ध एक ही स्वर तथा लय में नाचते थे। वे एक बड़े गोल दायरे में मस्त होकर नाचते और पुरूषों के दायरे के बाहर महिलाएं खूब सज धज कर नृत्य करती थी। ऐसा प्रतीत होता था कि गृह लक्षमियां धरती पर उतर आई हों। वे एक दूसरे के हाथ में हाथ डालकर नाचती थी जिसे "शाहणी" कहते थे। बहुत सी महिलाएं अपने हाथों में शुरू के धूप और फूल और वर्तनों में भरे हुए पेय को लेकर तथा वर्तनों में माखन लगाया होता था जिसे (छुंमर) कहते थे। गुरू तथा पुजारी गांव के सब युवकों तथा महिलाओं को घी का टीका लगाते हैं, जिसे अच्छा शगुन मानते है। इस मेले यानि जातरा को मनाते हुए कब दिन हुआ कब रात हुई पता ही नहीं चलता और तीसरे दिन यह मेला सम्पन्न होता है।

वेशभूषा

1 पुरूष वर्ग उस समय अधिकतर सफेद चोलू ही पहनते थे, जो पट्टी में बुर निकाला हो , जिसे (फुकते) पट्टी कहते थे। इसके किनारे पर एक काला कपड़ा लगा होता था जो 2–3 इंच का होता था जिसे (संजाप) कहते थे। इसके साथ स्लेटी या सफेद रंग के बास्कट और सफेद या स्लेटी रंग का पजामा पहनते थे। चोलू को "भूरा" या पटुका से बांधते थे। सिर में ऊनी "छिंका" रंग के लाहौली टोपी और उसमें पीले रंग के गेंदे के फूल जिसे (झोलणू) कहते हैं और सफेद टर टर के फूल कलगी नुमा बनाकर पहनते थे। यह लाहौल के नौजवानों का प्रमुख वेशभूषा था।

2 महिलाऐं आम तौर पर छिंका रंग के चोलू और उसी रंग के बास्कट या हरे रंग के बास्कट पहनते थे। चोलू में ज़री तथा संजाप लगा होता था। साथ ही वे काले या छिंका रंग के पजामें पहनते थे। वे शादी तथा देव पूजा अर्चना के समय तथा घर में किसी शगुन या प्रतिष्ठा के समय पुराना तथा प्राचीनतम जेवर पहनते थे। जिस तरह पुराने समय में दुल्हन को सजाया जाता था। सिर के बालों को इस तरह गूंथा जाता था जिसको बनाना एक मंझे हुए कलाकार को ही आता था। सिर के पिछले हिस्से पर चांदी के कटोरे नुमा सोने से मढ़ा हुआ एक आभूषण लगाया जाता था जिसे (मुलन) कहते थे। सिर के अगल बगल में चांदी के एक इंच चौड़ी तथा पांच इंच लम्बी जंजीर नुमा आभूषण सजाया जाता था जिसे (चिरका) कहते हैं। बाल की आखिरी चोटी (डन्नी) होती है उसमें तीन–चौथाई फीट तीन चार लम्बी जंजीरे होती है जो एक चांदी का पत्र एक वर्ग फुट का होता है। जिसे (दुंखेरचा) कहते हैं। चांदी की जंजीर को (छब) कहते हैं। इन्हे जोड़कर सजाया जाता है। माथे के दोनो तरफ फूल या लट्टू के समान आभूषण पहनते थे। जिनका रंग संतरे के समान होता था, जिसे (कपूर या पोशल) कहते है और कानों में सोने की बाली जिसे (तड़का) कहते हैं पहने जाते थे गले में सोने के ' गौ" पहने जाते थे जिसमें मोती भी लगा होता था। साथ ही वे मणि या टुक का हार पहनते थे जिसे (कंठी) कहते है। सिर पर घूघंटनुमा सफेद भूरा या सफेद ताणी का चादर पहना जाता था। यह लाहौल की प्राचीन परिधान में सजी तथा लक्ष्मी रूपा गृहणी की एक झलक है। एक हाथ में " छपकयन" मक्खन के " छंमर" से सजाया हुआ तथा पेय से भरा हुआ तथा एक हाथ में फूल "झोलणू" जो अपने भाईयों के चरणों में चढ़ा रही हो। यह है लाहुल की जतरों का सुन्दर दृश्य और सुन्दर यादें।

झड़ते हैं फूल फागुन के महीने में
हम तुमसे विदा लेते हैं सीने में एक दर्द लिए।

कमशः

......

शंति कुमार पुजारी "भाई साहिब केलांग सेला" के रचयिता है।

PANGI VALLEY – A BRIEF NOTE ON ARCHAEOLOGICAL EXPLORATION

- C. Dorje

Pangi, a tribal belt, unique in its grandeur and beauty is located in mid-Himalayas and constitutes one sub-division of Chamba District. The Valley lies between north latitude 32 33' and 33 19' and east longitude 76 15' and 77 02' and is bounded by Jammu and Kashmir in the north and the northwest, by Lahaul and Spiti district in the east, and Churah and Brahmour tehsils of the Chamba district in the south. Kilar is the headquarters of the Pangi Sub-division. The entire administration is being looked after by Resident Commissioner. This Valley is well connected through a motorable road all along the Chandrabhaga river. The approach to the Valley is also through two passes, Sach and Cheni. Sach pass (4416m) is the most commonly used by the pedestrians whereas the Cheni pass is mainly used by shepherds. This beautiful Valley has not been surveyed in terms of antiquity. Therefore an attempt has been made in this direction to locate and document the antiquarian remains for further studies/researches. The entire area right from Luj valley in the north upto Shaur, the southern most boundary of Pangi tehsil including almost all the valleys underlying and connecting the Chandrabhaga or Chenab river including forty three villages have been covered and twenty four villages have preserved the remains of archaeological interest.

In the Luj Valley about 15 km west of Kilar, a typical hill style temple dedicated to Seetala Mata was located at village Udani. The temple rectangular on plan and facing east and oriented east-west, has a garbhagriha, a porch with enclosed pradakshinapatha. It is raised on a high platform. The main deity is a mask of Seetala Mata and bronze figure of Durga. A miniature shrine is also attached to the outer wall towards south in the field. Towards right of the entrance of Seetala Mata temple are two carved pieces of stones in geometrical fashion and at the bottom is a cave with numerous tridents/Trishula. It is said to be the original place of deity. The temple can be ascribed to sixteenth-seventeenth century AD.

About half a kilometer west of Udani at Bishto, a typical hill style temple dedicated to Siva has been found. Facing south and rectangular in plan, it consists of a garbhagriha on a low raised platform. It hosts stone images of standing Siva, a Sivalinga and a small miniature wooden temple. Nandi, pada, trident, linga, etc. have also been found. There are two other temples, one dedicated to Sinhasani Devi and the other Seetala mata. Simhasani Devi temple is in typical hill style and facing east. It is in rectangular on plan and consists of a garbhagriha having trident and small bronze figures of Simhasani Devi and Siva-Parvati and a closed pradakshina. Both the temples are assignable to sixteenth-seventeenth century AD. Another finding is a fountain stone slab with an inscription in Sarada characters mentioning its erection in the year 81.

In the Sural Valley, at Kanwas about 24km west of Kilar, a temple dedicated to Seetala Mata and two fountain slabs were found. The temple is in typical hill style and facing southwest. Squarish on plan on a raised platform, it has a sanctum with a closed pradakshinapatha and a small store. It is ascribed to seventeenth-eighteenth century AD. Of the two fountain slabs, one having lotus medallions within square frame of interwined snakes is located about 30 m west of Seetala Mata. Temple while the other slab engraved with the figures of Siva, Ganesa, Hamsa, lotus, horse, fighter and intertwined snakes is located at a little distance from the earlier one.

At Sural Tai in the same Sural valley, another hill style temple dedicated to Nag Devta and cluster of memorial stones have been found. The temple, facing southeast and squarish on plan, has a garbhagriha with closed pradakshina and a small store. The wooden door frame of the sanctum is beautifully carved and assignable to eighth-ninth century AD. In front, there are numerous memorial stones in the form of stone slabs with rounded/pointed corners placed vertically. At Sural Bhatori, about 29 km from Kilar towards north east just above the village on hill side a Buddhist monastery locally known as Tashi Choling has been located. It has a prayer hall and a porch raised over a huge platform. Three stucco figures viz. Bodhisattva, Padmasambhava and Maitreya are in the sanctum besides wooden chorten, bronze images of three Dhyani-Buddhas, ferocious deities, Avalokitesvara, mandala, bowls, and

lama masks, lamp, drum, vajra, bells and other religious items. Walls and ceiling of the monastery have mural paintings depicting deities of Buddhist pantheon. It can be ascribed to fifteenth-sixteenth century ADAt Ganghit about 4 km west of the Kilar town of opposite the local bus stand a baoli with fountain stone slabs and few memorial stones were located. It has three fixed fountain slabs and two engraved stones. These fountain slabs are decorated with lotus medallions and human figures while the stone slabs are engraved with horsemen and standing human figures. Another fountain slab with carvings like lotus medallions, wavy lines and peacocks drinking water was found. About five and half kilometer west of Kilar town in village Tattan, an engraved memorial stone standing vertical with a capstone and a typical hill style temple, Walin Mata Ka Temple, have been found. The temple is facing east and oriented east west. It is rectangular on plan and consists of a sanctum with closed pradakshina. In the complex, there is another miniature temple dedicated to Ganesa in typical hill style. Facing east and oriented east-west it has a simple chamber with tapering superstructure. It hosts a figure of elephant and few pebble stones. On stylistic grounds, these temples are ascribable to sixteenth-seventeenth century AD.

At Kilar, number of archaeological remains in the form of fountain slabs, temples and Buddhist chortens were found. Of the fountain slabs - one each has been found within the premises of P.W.D. rest house, and near bus stand. These slabs are engraved with floral motifs, human figures and peacocks drinking water, etc. Another fountain slab showing lotus medallions and floral motifs has been found below Government staff quarters. Buddhist Chorten is located near Government Hospital. It is found enclosed within wooden structure. Of the temples, one is dedicated to Dehant Nag and the other to the Siva. Dehant Nag temple is in typical hill style and facing south. It is oriented north south and squarish on plan and has a garbhagriha and an open pradakshina on a low raised platform. The wooden doorframe of garbhagriha is equisitely carved ascribable tc fifteenth-sixteenth century AD. About half a km northeast of Kilar at Kufa typical hill style dedicated to Sihnasani Mata Temple is found. Facing northeast it is rectangular on plan and consists of a garbhagriha with enclosed pradakshina. It can bc datable to seventeenth-eighteenth century AD. Besides, three fountain stone slabs with bas -relief, two memorial stones and one each of memorial structure and carved stones have also been located at the village. Memorial structure, built of stone with various mouldings in form of miniature stone structure with a male and female figure on top is located within the field. Of the memorial stones, one still carrying a capstone is found near mela ground.

In Hundan valley, number of loose and fix fountain stone slabs, baolis, memorial stones and structures, wooden temples, Buddhist monasteries, stupas and manewalls have been found. At Khwas/Kawas about 11 km, east of Kilar, a covered baoli was found and the fountain slabs are inscribed in Sharda Character. Three fountain slabs were found in Nagin locality. At Basar, a baoli with six fountain slabs showing lotus medallions, geometrical designs, floral motifs and birds and a memorial structure, built of moulded stone depicting a standing male figure on tope in namaskara mudra and part of a broken fountain slab depicting standing male figure on top with other figure were found. One baoli and cluster of stone slabs with capstones were found at Seri Bartwas.

In the upper Parmar locality, two pieces of carved stone in bas relief with one showing a standing male and female figures with a Siva-linga on top while the other shows a standing male and female figures in traditional dresses; and two fountain stone slabs showing lotus medallions and geometrical designs, birds and inter-twined snakes were found. At Ghatwas about 14 km east of Kilar, near modern water baoli, three fountain slabs showing floral motifs, lotus medallions, human and serpentine figurines were located.

A temple dedicated to Siva was found at Tundru about 17 km east of Kilar. The temple is about 2 km west of village Udan Bhatori on the way towards Ghatawas. Facing south and oriented east west, with rectangular temple comprises of a garbhagriha with Siva-linga and an open pradakshina. The temple appeared to be restored in recent years by using earlier temple stones. At Bhatwas, abouty 18 km east Kilar fountain slab depicting lotus medallions, a Siva-linga and male and female figures etc. were found. On the way between Bhatwas and Tundro, few Buddhist chortens, inscribed mane walls and inscribed stones were also found. Buddhist Monastery, locally known as Phunchok-Chholing is at Udan Bhatori. Facing south-southeast, it has double storeyed chamber with numerous out-houses. The monastery appears to have been renovated recently.

Antro is the last village in the valley and is about 19 km east of Kilar where south facing temple dedicated to Siva was found. It is squarish on plan and comprises of a garbhagriha and an open pradakshina. It can be dated to sixteenth-seventeenth century AD. Buddhist chorten was also found in between Udan Bhato[illegible] and [illegible]ro.
About 8 km from Kilar at Sidh ka Dera on Kilar-Udaipur road, a temple dedicated to Siva was located. It is in typical hill style and facing north and has a sanctum enclosed with covered verandah. Siva linga is enshrined in the sanctum. This temple appears to be built by using materials of earlier temple. In one of the window openings there are two wooden slabs carved with dwarapala figures, one carrying an inscription and a human figure. There is another miniature shrine, facing north and oriented north-south with the image of Ganesa. At Sach, about 13 km from Kilar, a double storeyed dharamshala of wood was found. Within the complex is another wooden structure now used as a workshop by blacksmith. Outside the complex, there is a temple dedicated to Siva. Two Siva-lingas are enshrined in the sanctum and in front are few stone sculptures including figure of nandi.

The temple dedicated to Mindhal Mata is located on the left bank of Chenab river at Mindhal village about 16 km from Kilar. It is in typical hill style, facing east and oriented east west. Squarish on plan it has a garbhagriha with double pradakshina on a raised platform. It hosts figures of Chamunda Devi, Siva and Seetala mata in stone, a tiger each in silver and wood, bells and swords. The temple is dated to fifteenth-sixteenth century AD. There are two other shrines dedicated to Siva. Both of them are also typical hill style temples and facing north south and squarish on plan, hosting a Siva-linga. In front is a figure of a tiger in bronze, a stone Siva-linga, Nandi, Ganesa and an elephant.

At Purthi on Kilar-Udaipur road is a temple dedicated to Balasani Devi is located. It is in typical hill style and facing south and oriented north south. Squarish in plan it has a garbhagriha, with enclosed covered pradakshina and a mandapa a later addition. The doorframe of garbhagriha is elaborately carved and the figure of Ganesa is in the centre of lalatabimba. It is datable to fifteenth-sixteenth century AD. Outside the complex near entrance, there is an inscribed stone in Takri with date Samvat 6313. On the top is a standing male figure of Mangtu - the first priest of the temple. Other two inscriptions in Takri script are seen over wooden members some distance away from the temple.

At Suglawas, about 30 km from Kilar on Kilar-Udaipur road a typical hill style temple locally known as Bamuva Nag Temple was found. It is facing east and oriented east west and has a garbhagriha with closed pradakshina with wooden figure of tigers placed all along. A miniature Naga temple, facing south and oriented north south was also found. It is squarish on plan with small sanctum. Besides, there are two other temples dedicated to Seetala Mata and Bharadi Mata. These temples were built in between sixteenth-eighteen century AD on stylistic ground.

The survey of the Pangi Valley revealed rich cultural heritage which have been preserved by the inhabitants of the region for the posterity.

- C. Dorje

The Manner I Explan Certain Things:

Dictionary : A place where divorce comes before marriage.
Smile : A curve that can set a lot of things straight.
Father : A banker provided by nature.
Doctor : A person who kills your ills by pills and kills you with his bills.
Boss : Someone who is early when you are late and late when you are early.
Philosopher : A fool who torments himself during life, to be spoken of when dead.

Navneet

Navneet : A new member to Kunzom. Kunzom heartily welcomes and solicits self-composed material from Navneets (Ed.).

शाशुर गोन्पा का संक्षिप्त इतिहास

–ड.वंग नोरबु

शशुर गोन्पा लाहौल में प्राचीनतम गोनपाओं में से एक है। इस गोन्पा की स्थापना 16वीं शताब्दी के मध्य में हुआ था । इस गोन्पा का मुख्य संस्थापक डुबछेन देवा ज्ञाछों थे। इस गोनपा का नाम देवा ग्याछों आने से पूर्व शशुर गोंनपा ही था। बाद में देवा ग्याछों ने गोनपा का नाम बदल कर टशीश्शुगलिंग रख दिया। अभी गोनपा का नाम पत्र व्यवहारों में टशीश्शुगलिंग लिखा जाता है। शाशुर या शुगलिंग का नाम इस लिए पड़ा क्योंकि गोनपा के चारों ओर देवी–दियार वृक्ष के घने जंगल होने से पड़ा है, क्योंकि स्थानीय बोली में देवी दियार को शुर तथा भोटी भाषा में शुगपा कहते हैं।

यह गोनपा समुद्र तल से 12000 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। सर्दियों में यहां पर वर्फ भी अधिक पड़ती है। अधिक ऊंचाइ के कारण ठण्ड भी होती है। गोनपा की भूमि अथवा क्षेत्र ब्रजयोगिनी के काय के आकार में हैं। इस का सिर गोनपा के ऊपर की चोटी '' मछुथो'' नामक स्थान पर है। पद केलंग में पड़ता है। वास्तव में यदि हम नदी के उस पार से देखें तो भूमि का आकार ब्रजयोगिनी की मुद्रा में ही दिखता है। इसके अतिरिक्त इस गोनपा के बायें ओर एक चोटी है। जिस को स्थानीय लोग क्यर– क्योगस कहते हैं। इस चोटी को साक्षात चक्रसम्भार मानते हैं। देखने पर चक्रसम्भार बज्रयोगिनि के साथ आलिंगन के मुद्रा में देखने को मिलता है। गोनपा के पार सामने प्रसिद्ध तीर्थ डिलबुरी का पवित्र पहाड़ पड़ता है। बताया जाता है कि उक्त क्यर– क्योगस तथा डिलबुरी के बीच सोने का पुल लगाकर देवता आते जाते हुए कई सिद्ध पुरूषों ने देखा है।

डुबछेन देवा ग्याछो ने शाशुर गोनपा की ही स्थापना नहीं की बल्कि उन्होनें लाहौल में लोडुग निकाय का प्रचार –प्रसार कर घार क्षेत्र तथा तिनन क्षेत्र में भी लोडुग सम्प्रदाय की नींव रखी। डुबछेन देवा ग्याछो जंस्कर के पदुम राजा के पुत्र थे। उन को बचपन से ही लामा बनाने के लिए राजा ने बरदन गोनपा में भेज दिया था। उन्होंने इस गोनपा में बचपन से लेकर गोनपा के नियमानुसार सारा अध्ययन पूरा किया। वे बाद में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए अथवा लोडुग निकाय की सम्पूर्ण शिक्षा ग्रहण करने के लिए भूटान चले गये थे। वहां पर उनका तत्कालीन अवतारी लामा अथवा राजा का पदाधिकारी '' ड.वंग दुहजोम दोरजे '' से भेंट हुआ। उनसे पूर्ण शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात वे जंस्कर लौट आये। यहां पर वे जप –तप , सिद्धी , समाधि में कई वर्षों तक व्यस्त रहे। वे कई वर्षों तक बरदन गोनपा का प्रधान लामा रहे। वे तत्कालीन लदाख के लामा तगछ़ंग रसपा तथा राजा सेड.गे नमज्ञाल के समकालीन थे। वे प्रधान लामा पद से मुक्त होकर धर्म प्रचार के लिए जुट गये। उन्हों ने जंस्कर के अतिरिक्त लाहौल की ओर भी प्रस्थान किया। सर्व प्रथम वे शाशुर गोनपा में आये थे। यह गोनपा उनको तीर्थ स्थल व अन्य सुविधाएं उपलब्ध होने से उनको यह स्थान अच्छा लगा। देवा ग्याछो़ धर्म के सर्व गुणों से सम्पन्नता होने पर यहां के लोग बहुत प्रभावित हुए। यहां के लामा भी इनसे शिक्षा ग्रहण करने के लिए इनके पास आने लगे। उन्होंने यहां पर एक गोनपा का निर्माण करने के लिए अपनी इच्छा व्यक्त की और लामा तथा गांव के लोग भी इनसे सहमत हुए। काफी बड़ा गोनपा का निर्माण हुआ जिस में भगवान बुद्ध तथा गुरू पदमासम्भव की बड़ी –बड़ी मूर्तियां स्थापित की गई है। यहां के लामाओं ने मेहनत करके रहला नामक स्थान से कागज़ बनाने के लिए वृक्ष के छालें लाकर

कागज़ बनाये और अपने हाथों से प्रज्ञा पारमिता के 12 पोथियां, विनय के 13 पोथियां तथा एक पोथी सुवर्ण अक्षरों में '' स्वर्ण कल्प'' नामक पोथी भी लिख दिया है। ये पोथियां अभी भी गोनपा में सुरक्षित हैं। देवा ज्ञछो ने अपनी पूरा जीवन शाशुर गोनपा में ही बीताए और उनका देहान्त के बाद उनके शिष्यों ने उनकी स्मृति में एक मूर्ति उनके समरूप बनवाया और यह मूर्ति अभी भी गोनपा के मुख्य देवालय में दर्शन के लिए उपलब्ध है। जिनकी इच्छा अवश्य पूरी होती है। इस मूर्ति के अतिरिक्त मुख्य देवालय में उनके एक चैत्य (छोतेन) भी बनवाया है। जिसमें उनके पवित्र अस्थियां रखी हुई हैं।

देवा ग्याछो के समय में शाशुर गोनपा में कुल सौ के करीब लामा हुआ करते थे। गोनपा तैयार होने के बाद बरदन गोनपा के आधार पर शाशुर गोनपा का नियम बनाया गया। वार्षिक पूजा पाठ छ़ेशु का 'छम' भी आरम्भ किया गाया। इसके अतिरिक्त लामाओं का पदवी का क्रम कनिष्ठ से लेकर वरिष्ठ तक का क्रम जो एक लामा को प्रधान लामा के पद तक पहुंचने के लिए कुल 18 वर्ष लगते हैं। यह परम्परा अभी तक चली हुई है।

इस गोनपा में परम्परागत छम का भी आयोजन किया जाता हैं जिसको ' छ़ेचु' के नाम से जाना जाता है। 'छ़ेचु' यानि भोटी पंचांग के अनुसार पांचवां महिने के दशमी को गुरू पदमासम्भव की जयन्ति के रूप में मनाया जाता है। कहा जाता है कि यह 'छम' पहले नहीं हुआ करता था, यह केवल एक पूजा 'छ़ेचू' के नाम से किया करते थे जो डुबछेन देवा ग्याछो आने से पहले यह गोनपा एक छोटा सा ञिड.मा निकाय का हुआ करता था। छ़ेचु ञिड्.मा सम्प्रदाय के काल से चला आ रहा था। बाद में देवा ग्याछो ने इस दिन यहां पर हिमिस की तरह छम का शुरूआत कर दिया। तबसे लेकर छम का परम्परा अभी तक चला आ रहा है। छ़ेचु की पुरानी परम्परा भी अभी तक चला है जिसके लिये गांव केलंग वालों की ओर से अलग से पूजा के लिए सामान व खाने पीने की व्यवस्था किया जाता है।

यह छम महाकाल मण्डल का छम है। इस छम के लिए तीन दिन तक छम का अभ्यास किया जाता है। छ़ेचु से एक दिन पूर्व बिना मुखौटा के व लिवास में 'छम' किया जाता है जिसको 'डिग' कहते हैं। यह छ़ेचु वाले दिन की तरह ही पाठ के साथ– साथ सम्पन्न करना होता है। इस तांत्रिक अनुष्ठान में महाकाल के चित वाक तथा काय के तीनों मण्डलों की पूजा होती है जिसको –– थुग – सुड़.– कुई किलखोरगी छोगा '' कहा जाता है। अन्त में काय मण्डल द्वारा चित व वाक मण्डल को गुह्म नृत्य प्रस्तुत किया जाता है जो तांन्त्रिक विधि विधान के अनुरूप होता है। इस छम को ' बगछम' यानि मुखौटा छम कहा जाता है। इसके पश्चात 'ज़ोर छम' जो काली टोपी पहन कर छम किया जाता है। यह एक तांन्त्रिक विधि द्वारा महाकाल मण्डलों से अनुमति लेकर धर्म का संहार करने वाले प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से बिघ्न डालने वाले शत्रुओं का वद्ध कर इसकी मृत शरीर का अमृत मे परिवर्तित कर महाकाल व उनके समस्त परिमण्डलों को भेंट कर दिया जाता है। तीसरे छम को ' ड.छम' कहा जाता है। इस छम में पूर्व ज़ोर छम के ही लिवास में प्रत्येक के हाथ में ' ड.' यानि विशेष ढोल का ' छम ' होता है। इस नृत्य के साथ किये जाने वाले पाठ को ' कुल' कहा जाता है। कुल का अर्थ है उक्त मण्डलों के प्रेरित कर धर्म में विघ्न डालने वाले शत्रुओं को उस क्षेत्र से दूर भगाना अथवा उनका वध किया जाना हैं। बौद्ध धर्म के अनुसार प्रत्यक्ष रूप से शत्रु का वध नहीं किया जाता परन्तु उनसे पैदा होने वाला विघ्न का वध किया जाना होता है। इस विधि को ही शत्रु वध कहा जाता है। वास्तव में प्रत्यक्ष रूप से किसी का वध या हत्या नहीं की जाती है।

क्रमशः पेज नं0 73 पर

खंगसर राजघराने का " छोदपा " प्राचीन मुखौटा नृत्योत्सव

–ठिन्ले नमज्ञाल शास्त्री

हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की भान्ति लाहौल – स्पिति क्षेत्र में जहां सर्दियों से प्राचीन आदिम संस्कृति विभिन्न काल – कमों में पल्लवित, पुष्पित एवं विकसित होती रही। उस बौद्ध पूर्व आदिम संस्कृति का अपना इतिहास सम्भवतः पौराणिक जनश्रुतियों एवं किंवदन्तियों पर आधारित है। जो अब तक निर्वाध रूप से चली है। सम्पूर्ण लाहुल में बौद्ध धर्म के प्रादुर्भाव के पश्चात संस्कृति की दो धाराओं, आदिम संस्कृति –बौद्ध संस्कृति का विकास हुआ। परन्तु कालान्तर में हिमाचल के अन्योन्य जिलों से हिन्दु संस्कृति के प्रभाव पर निःसन्देह एक अर्वाचीन संस्कृति का पुनः आविर्भवि हुआ। अतः अन्त में एक मिश्रित संस्कृति का उदय हुआ जिसमें सभी धार्मिक , दैविक और साम्प्रदायिक मान्यताओं को एकीकृत कर श्रद्धा और आस्था के साथ पूजन विधि की परम्परा विकसित हुई।

इस मिश्रित संस्कृति में प्राचीन आदिम संस्कृति एवं भोट बौद्ध संस्कृति पर आधारित तोद खंगसर राजघराने में " छोदपा " स्थानीय नाम – पूजा–पाठ मुखौटा नृत्योत्सव ग्रीष्म और शरद काल मे दो बार होता है। यद्यपि इस मुखौटा नृत्योत्सव का अपना लिखित एवं प्रामाणिक इतिहास नहीं है। पौराणिक दन्त कथाओं और जनश्रुतियों पर आधारित इस नृत्योत्सब के शुभारम्भ के सम्बन्ध में अनेक मत हैं, परन्तु यह जनश्रुतियां कितनी सही एवं वास्तविक है कहना कठिन है। आमतौर पर दो जनश्रुतियां आज भी प्रचलित है।

पहली जनश्रुति के अनुसार चूंकि यह सुखौटा नृत्योत्सव बौद्ध पूर्व आदिम संस्कृति का एक अंश माना जाता है। सम्पूर्ण लाहौल में जिस प्रकार विशेषतः प्यूकर, कारदंग, जोबरंग , मडग्रां , त्रिलोकनाथ, उडगोस् आदि गांवों में ' योर ' नामक प्राचीन नृत्य कला का मंचन होता है। जो कि प्राचीन समय में नाग जाति के लोगों द्वारा जो लिंग पूजक थें, सभ्भवतः प्रजनन एवं उर्वरक सम्प्रदाय के समुदाय से सम्बद्ध थे। इस नृत्योत्सव में प्रजनन काल से मरणासन तक कई बार बीज की बुआई से लेकर फसल काटने तक की सभी प्रक्रिया को बखूवी अभिनीत किया जाता है। प्रायः इस नृत्यकला का मंचन साधारण लोगों के द्वारा होता है। खंगसर राजघराने का " छोदपा " "नृत्योत्सव "योर नृत्य से अति परिष्कृत एवं आधुनिक रूप लिये हुए हैं। जो पौराणिक दंतकथाओं और भोट प्रागेतिहास में वर्णित भोट देश में मनुष्य के उदभव काल के सम्बन्ध पर आधारित है। इस मुखौटा नृत्य का मंचन सम्भवतः चौदहवी शताब्दी से पूर्व ग्राम जिस्पा के नजदीक " थोतंग" नामक स्थान पर " योर " नृत्य के रूप में होता था। परन्तु कालान्तर में भारी बाढ़ के कारण पूरा क्षेत्र जल में प्रवाहित हो गया। ऐसी मान्यता है कि तत्कालीन राजघराने के लोग वहां नृत्योत्सव के अवलोकनार्थ सजधज कर घोड़े पर सवार होकर जाते थे। बाढ़ के कारण पश्चात में ग्राम गैमूर से एक कि0 मी0 दूर "ते थब " नामक स्थान पर इस नृत्य का मंचन शुरू हुआ। यदि यह श्रुति पूर्णतया सही है तो निश्चित रूप से कहना होगा कि यह नृत्य " योर " का ही एक रूप था। ठाकुरों ने पुनः अपने प्रभुत्व एवं आधिपत्य को जमाने हेतू उसे वहां से स्थानान्तरित कर खंगसर राजमहल में ले आया। सम्भवतः उस समय तक वर्तमान में मौजूद भव्यमहल का निर्माण हो चुका था।

दूसरी जनश्रुति के अनुसार जब से तथाकथित ठाकुर अर्थात् राजघराने के लोग यहां लाहुल में आये, तब से इस नृत्योत्सव का शुभारम्भ हुआ। ऐसी मान्यता है । सम्भबतः अपनी शूरवीरता एवं पराक्रमी प्रवृति के कारण इन्होंने अपना प्रभुत्व जमाना शुरू किया। तदनन्तर वे यहां के शासक बन गये। उन्होंनें अपनी प्रभुता, बर्चस्व एवं सामान्य जनता के साथ सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध स्थापित करने के लिए यहां बौद्ध धर्म को अपना लिया। फलस्वरूप अपनी पुरातन संस्कृति एवं धार्मिक परम्परा को यथावत् बनाये रखने और स्थानीय लोगों के साथ धार्मिक एवं शासकीय सम्बन्ध बनाये रखने के लिए " यर छोद" ग्रीष्मकालीन नृत्योत्सव एवं " गुन छोद "शारदकालीन नृत्योत्सव के नाम से अभिहित बौद्ध तान्त्रिक विधि विधान के द्वारा पूजा – पाठ करते हुये प्राचीन पौराणिक दंतकथाओं पर अधारित नृत्यकला का प्रदर्शन करना शुरू किया। राजघराने के लोगों द्वारा बौद्ध धर्म के आत्मसात कर लेने के पश्चात वे स्थानीय देवी –देवताओं को भी उतनी श्रद्धा के साथ पूजने लगे। इसलिए राजघराने के कुल देवताओं में आदिम संस्कृति पर आधारित "फेला " (फसल का देवता) फला वीर – पितृ देवता दरदंगची कुंन्दूरू, गेपाड., ताड.जर, युलला सोनमपा और फेला लराड. प्रमुख है। पश्चात में बौद्ध धर्म से प्रभावित होने पर प्रमुखतः ईष्ट देवी दीर्घायुष्मति की प्रतिमा बुद्ध शासन की अभिवृद्धि एवं राजमहल की परिरक्षा के लिए गृहतल में सम्पूर्णतया अंधेरे कक्ष में स्थापित की गई है। उसकी पूजा अर्चना भोट पंचाग के अनुसार सातवें मास की पूर्णिमा के दिन ग्रीष्मकालीन " छोदपा " और भोट पंचाग दूसरे मास की पूर्णिमा के दिन शरद कालीन " छोदपा " नृत्योत्सव के रूप में की जाती है। सम्भवतः इसी कारण इस नृत्योत्सव का नामकरण पश्चात में " छोदपा " रख दिया है।

" यरछोद " ग्रीष्मकालीन नृत्योत्सव

सदियों से चली आ रही परम्परानुसार " छोदपा " के दिन प्रातः साराड. ग्राम के सारंग योगमा परिवार के ज्योतिष ओनपो – स्थानीय नाम परम्परागत जयोतिष एवं तान्त्रिक विद्या में प्रवीण के आगमन पर ही ईष्ट देवी दीर्घायुष्मति के द्वार को खोला जाता है। परन्तु कालान्तर में उपरोक्त वंश से ज्योतिषी परम्परा के अनुगामी न निकलने के कारण गैमुर गोन्पा के प्रधान लामा द्वारा मुख्य द्वार को खोलने की परम्परा चली। प्रधान लामा के साथ आए अन्य लामा गण मुख्य द्वार और किवाड को खोलकर वहां दीर्घायुष्मति देवी को बौद्ध तांत्रिक अनुष्ठान की विधि से पूजा अर्चना करते हैं। इसके पश्चात प्रधान लामा नृत्य के लिए तैयार लोगों को मुखौटे आदि पहन कर नृत्यशाला मे जाने का आदेश करता है। नृत्य करने वाले पुरूष केवल ग्राम खंगसर, सारंग, और कोलंग के निवासी होते हैं। बाहर के लोग इस नृत्य करने पर ईष्ट देवी –देवताओ का प्रकोप बढ़ जाता है। और व्यक्ति विशेष पर दैविक दोष लगता है।

" फू –छोदपा " बन्दर और राक्षसनी का नृत्य

इस नृत्योत्सव में सर्व प्रथम बन्दर और राक्षसनी का नृत्य होता है। जैसा कि भोट शास्त्र मणिकबुम, ज़ोददून आदि धर्म ग्रन्थों में और भोट इतिहासकारों ने भोट देश में प्रथम मानव प्रदेश काल में पिता बोधिसत्व कपि हलुमहुर और माता राक्षसनी के जोमो डोलमा संसर्ग से मानव जाति का उदभव हुआ। ऐतिहासिक परम्परा एवं किंवदन्ती को सांकेतिक एवं प्रतीकात्मक रूप देते हुए इस नृत्य का मंचन किया जाता है। दोनों हीं मुखौटे काष्ठ निर्मित है। कलात्मक दृष्टि से दोनों ही मुखौटे सुन्दर और

आकर्षक हैं। आज जो सबसे पुराना बन्दर का मुखौटा है सम्भवतः पन्द्रहवीं शताब्दी में निर्मित हैं और खण्डित अवस्था में हैं। परन्तु वर्तमान में उपयुक्त बन्दर के मुखौटे को देख कर ऐसा प्रतीत होता है कि इसका निर्माण काल तीन सौ वर्ष्र से अधिक नहीं है। इस सम्बन्ध में कहा जाता है कि इन मुखौटों का तत्कालीन काष्ठ कला में प्रवीण " मेमे कसे " आठहरवीं शताब्दी ने बनाया था जबकि अब भी एक काष्ठ निर्मित बन्दर का मुखौटा अर्धनिर्मित अवस्था में विद्यमान है।

फू – छोदपा नृत्य में सर्वप्रथम ढोल – नगाड़ों के विशेष राग पर दोनों नर्तक पिता कपि और माता राक्षसनी जोमो डोलमा के मुखौटे को पहन कर नृत्यशाला छोमखाड. में प्रणाम करते हुए आते हैं। दोनों ही अपने हाथ में डण्डा लिये ढोल नगाड़ों के लयबद्ध संगीत के साथ नृत्य का प्रदर्शन करते है। जहां पर वे कुल बारह बार छोमखाड. की परिक्रमा करते हैं। जिसमें पहले तीन चक्कर के बाद " तोड. राग" या " ताड. राग" ल्हब्दग – देव पुजारी के साथ कुछ गीतकारों द्वारा श्रृंखला बद्ध होकर धीरे–धीरे लोकगीत के साथ (नृत्य करना) का नृत्य होता है। दूसरे तीन चक्कर में हाथ में लिये डंडे को नृत्य की विशेष कला के साथ नृत्यशाला के चारों ओर लगे स्तम्भ पर मारकर तोड़ा जाता है। इसके बाद " डच़ग " स्थानीय अनाज कुठ्ठ से निर्मित मादक पेय को " दोन " पानी के बीच उगने वाला पौधा नामक पौधे के डन्ठल जो कि अन्दर से खोखला होता है, के द्वारा पिया जाता है। अन्तिम तीन चक्कर में बहुत ही आकर्षक नृत्य शैली के साथ अखरोट को तोड़ा जाता है। जिसके बारे में यह कहा जाता है। कि क्षेत्र में स्थित भूत –प्रेत , राक्षस आदि को पैरों तले रोंद दिया जाता है।

हिम सिंह और बन्दर का नृत्य

हिम सिंह काल्पनिक सिंह जो यति के समान सर्वदा बर्फ में वास करता है के नृत्य पर ऐसी जनश्रुति है कि सदियों पहले राजघराने के किसी व्यक्ति ने आखेट करते समय खंगसर राजमहल के विपरीत दिशा में स्थित पहाड़ जिसका नाम " लराड. " है, वहां एक हिम सिंह को नृत्य करते देखा था। कालान्तर में उसी से प्रभावित होकर यहां के ठाकुरों ने उसी नृत्य का यहां प्रदर्शन करने की ठानी। उपरोक्त " लराड. " नामक पहाड़ का आज राजघराने के लोग कुल देवता या देवी मानकर पूजते है। जिस पहाड़ के टूटने पर राजमहल में पूजा अर्चना करने की परम्परा आज भी प्रचलित है। हिम सिंह और कपि अपनी चपलता का प्रदर्शन करते हुए सिंह के केसरों को पकड़ने का प्रयत्न करता है। जो कि अतिदर्शनीय होता है। नृत्यशाला में तीन चक्कर लगाने के पश्चात " डच़ग " पीते समय उसके उधर उछल कूद करने का हास्यपद प्रदर्शन होता है। हिम सिंह बारह चक्कर , नगाड़ों का विशेष राग पर नृत्य का प्रदर्शन करते हुए लौट जाता हैं। जबकि बन्दर पुनः डण्डे को तोड़ कर नृत्यशाला से लौट जाता है।

बग चोड. – चोड. (छोमो कून्कू)

जैसा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक सामंजस्यता को स्थापित करने में लगे तत्कालीन राजघराने के लोगों ने इस उत्सव को अत्यधिक रोचक एवं लोकलुभावन बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी हैं। इस नृत्य में छोमों कू– कू की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यद्यपि कुल सात मुखौटे धारी नर्तक अपनी कला का प्रदर्शन ढोल – नगाड़ों के विशेष राग पर करते है। इनमें सबसे पहले बूढ़ा मुखौटा धारी नर्तक जो हाथ

में डण्डा और कांसे की छोटी थाली लिये पूरे टीम का नेतृत्व करता है। उसके बाद एक गद्दी चम्बा प्रान्त के लोग मुखौटाधारी नर्तक जो हाथ में कुल्हाड़ी और एक डण्डी लिये पूरे समय दर्शकों के हास -- परिहास का केन्द्र बिन्दु बना रहता हैं गदि्दयों के परम्परागत वेशभूष के अनुसार नर्तक अपने शरीर के अधीभाग को नग्नावस्था में रखकर नृत्य करता है। बच्चे विच्छु पौधे से नंगी टांग पर मलते रहते हैं जिससे क्षुब्ध एवं विचलित होकर वह नृत्यशाला में बच्चों और नारियों को भगाते हुए अपनी विशिष्ट नृत्य शैली का प्रदर्शन करता है। उन दोनों के पीछे पांच मुखौटे धारी नर्तक पंच पूजनीय देवी ''छोदपे लमोड.'' जो कि क्रमशः, लाल, पीला, नीला, सफेद और अंतिम में हरा मुखौटा पहने नृत्य शाला में आते हैं। सभी नर्तक तीन बार नृत्य शाला की परिक्रमा करते हुए ''तोड. राग'' के बाद '' श्शोनो /शौणी'' तेज गति का नृत्य नामक नृत्य कला का प्रदर्शन करते हैं। पुनः तीन चक्र नृत्य करने के पश्चात विराम लिया जाता है। इस दौरान नतर्क इधर उधर दर्शकों को पकड पकड कर जबरन रूपये वसूलते हैं । सभी नर्तकों द्वारा एकत्रित धन सहित का रात के समय मिल बैठकर मदिरा आदि का सेवन करते हैं। जबकि अंतिम मुखौटाधारी नर्तक '' कोको छोमो'' को संपूर्ण धनराशि मिल जाती है। ऐसा कहा जाता है कि कोको छोमो अपने मुखौटे से बाहर अपनी जीभ निकाल पाने के कारण उसे आम नर्तकों से ज्यादा धन राशि मिलती है। पुनः नृत्य शाला में नृत्य को विशिष्ठ कला का प्रदर्शन कर तीन बार नृत्य शाला की परिक्रमा करते हैं और अंततः स्थानीय परंपरा अनुसार प्रमाण करते हुए लौट जाते है। इसी के साथ नृत्य उत्सव समाप्त हो जाता है परंतु पाठकों की रूचि के लिए इस नृत्य की सबसे जुडी कुछ विशेष उलेखनीय बाते हैं जिनका जिक्र करना अनिवार्य है। नृत्य के बाद हिम सिंह नृत्य में भाग लेने वाले तीन नर्तक और '' फुछोदपा'' नृत्य में भाग लेने वाले दो नर्तकों को राज घराने में ही भोजन मदिरा आदि की व्यवस्था की जाती है।

जैसा कि पूर्व कथानुसार राज घराने के लोगों का प्रभुत्व संपूर्ण तोद घाटी में था सभी इनकी चाकरी करते थे। इस विशेष पर्व के दौरान तिन्नों गांव से लेकर मेह गांव तक सभी खाड.चुंग छोटा घर वाले डच़ग बनाकर लाते और पिलाते है।

ग्रीष्म कालीन नृ़त्य उत्सव में तिन्नो ग्राम वासी सभी दर्शकों को ''छांड.'' स्थानीय मादक पेय बनाकर लाते और पिलाते थे। इस दौरान तिन्नो ग्राम वासी नृत्य उत्सव की समाप्ती के बाद तीन पत्ते के सत्तु से निर्मित चतुष्कोण ''बराड.गेस'' या ''डड.गे'' शिवलिंग के समान सत्तु द्वारा निर्मित फुट भर कर ऊंचा पिंड बनाकर लाते हैं। नृत्य शाला के उपर विशिष्ट मेहमानों को इंगित करते हुए ''ज्ञाल्पो दड.'' ज्ञलमो हुरमो सुम–लामा–पोनबो दाड.
छागठे दोठे थमस्चद ला छोद'' इस प्रकार का विशेष सुर और लय के साथ ''श्शगुन'' के रूप में ''डड. गेस'' के छोटे छोटे टुकडों को आकाश की ओर उत्सर्जित करते हैं। शेष बचे ''बरांड.गेस'' को नृत्योत्सव में ढोल नगाडों को बजाने वाले लौहारों को दे दिया जाता है।

छोदपा नृत्योत्सव के कुछ दिन पश्चात किसी शुभ दिन को ''नमचीन'' उत्सव का आयोजन किया जाता है। पुरानी परंपरा अनुसार ''छोदपा'' और ''नमचीन'' के बाद ही घास और फसल की कटाई की जाती थी। अन्यथा उसे अपशकुन माना जाता था परंतु इधर कई वर्षों से इस नृत्य उत्सव को मनाना बंद कर दिया है। जिसके चलते पुरानी संस्कृति, सांस्कृतिक परंपरा लुप्त होती जा रही है। यहां पर विशेष वस्तु की अधिकता के कारण शरदकालीन नृत्योत्सव के बारे में लिखना उचित नहीं समझता हूं। उपरोक्त विषय पर विस्तार से लिखने का प्रयास अगले अंक में करूंगा।

अंत में युवा पीढी को इस ओर विशेष आग्रह करना चाहता हूं कि आधुनिकता के साथ हमारी प्राचीन संस्कृति जो हमें विरासत में मिली है, के संरक्षण और संवर्धन में अपना योगदान देना चाहिए अन्यथा हम देर सवेर इस प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को खो देंगे।

....

शेष पृष्ठ 68 से :-

इसके अतिरिक्त इस गोनपा में हर महीने में एक –एक पूजा करने का नियम है। इनमें से मुख्य रूप से काग्युर का पाठ कुरिम, लमा छोदपा, कंगसोल आदि पूजा महत्वपूर्ण है। इन पूजा पाठ में समस्त लामाओं को सम्मिलित होना अनिवार्य हैं।

डुपछेन देवा ग्याछो के पश्चात लाम टशी तम्फेल वर्तमान लामा स्तगनां रिनपोछे का पूर्व अवतार भी लाहौल में आये थे। उन्होंने मुख्यतः गन्धोला गोनपा (गुरू घण्टाल) का जीर्णोधार किया था। और साथ ही साथ शाशुर गोनपा का भी उद्धार किया व देख –भाल भी करता रहा। उन्होंने गन्धोला गोनपा के लिए प्रधान लामा बरदन गोनपा जंस्कर से भेजने का नियम बनाया जो लाहौल के ' लोडुग ' निकाय का प्रधान लामा माना जाता है। उप प्रधान लामा यानि 'उज़द ' का लाहौल से चयन कर शाशुर गोनपा में नियुक्त करने का नियम बनाये गये। यह नियम अभी तक चला हुआ है। लाहौल के लामाओं का सम्बन्ध जंस्कर के बरदन गोनपा तथा जोड.खुल से बना रहा। यहां से कई लामा जंस्कर के तत्कालीन ज़ोड.खुल लामा कुंगा होज़ेर तथा लामा करमा तनज़िन से शिक्षा दीक्षा लेते थे। इनमें से लामा छेवंग केलंग तथा लामा ठिनले बीलिंग के मुख्या थे। इन दोनों लामाओं ने शाशुर गोनपा का नियम का पूरा पालन पूरी ज़िन्दगी की। इनके देहान्त के बाद इस गोनपा में इनकी मूर्तियां भी बनाये गये है। इन लामाओं ने अपने गुरू ज़ोड.खुल लामा कुंगा होज़ेर की एक बड़ी मूर्ति 'शाशुर गोनपा में बनवायें गये । यह मूर्ति अभी भी गोनपा के मुख्य देवालय में स्थापित है। गुरू शिष्य का यह परम्परा कई वर्षो तक चलने के बाद केलंग के लामा " ड.वंग लोडोई " लामा " दोनडुप " तथा लामा " दमछोई रिनछेन " को विचार आया कि लाहौल में प्रचलित लोडुग निकाय भूटान से सम्बन्ध है क्यों न भूटान जाकर इस निकाय का विधि –विधान का सही अध्ययन कर लें। इस उद्देश्य से वे भूटान गये और वहां पर 7– 8 वर्ष तक अध्ययनरत रहें।

वहां पर सम्पूर्ण शिक्षा व पूजा का विधि –विधान का अध्ययन कर वापिस लाहौल आकर नये तरीके से पूजा पाठ चलाये। यह परम्परा अभी तक यहां पर प्रचलित है।

ठाकुर देवी सिंह
एक सरल, सत्य और स्पष्टवादी राष्ट्रसेवक

–तोबदन

मेरा जन्म 15 अप्रैल 1921 को तनज़िन के घर, बर्गुल गांव, लाहुल में हुआ। हमारा घर ठाकुर (शाशनी) नाम से जाना जाता है।

हमारे पूर्वज बहुत समय पहले तांदी' से गुशाल आए। वहां से हमारा परिवार बर्गुल आया। इस घर के पूर्वज पहले गुशाल में रहते थे। घर खुशहाल और सम्पन्न था, नाम था ' टोहुगी'' । तब उस घर में एक सदस्य गूंगा उत्पन्न हुआ जो जायदाद का हकदार था। उन्होंनें गुशाल में और जमीन खरीदी। तब उनको बर्गुल में किसी रिश्तेदार से ज़मीन का हिस्सा मिला। गुशाल में कोई पुरूष हकदार नहीं रहा इसलिए वे वर्गुल़ में ही रहने लगे।

पहली कक्षा मैंनें मूलिंग से पास की। तब यह स्कूल दूसरी श्रेणी तक था। फिर मैं कुल्लू में कटराईं आया। वहां आठवीं का वर्नेकुलर फाइनल 1936 में पास किया। वहां से मैं कुल्लू आया और गवर्नमैंट हाई स्कूल कुल्लू से 1940 में मैट्रिक की परीक्षा पास की। ठाकुर शिव चन्द मिडल में मेरे साथ थे। तब वे लाहौर गए, पढ़ने के लिए। नाल्डा के रामलोक भी गए।

रामलोक स्वतन्त्र विचार का व्यक्ति था। उन्होंने 1940 में डी0 ए0 वी0 कालेज लाहौर में दाखिला लिया। उन्होंनें मिलिट्री स्कीम (युनिवर्सिटी आफिसर कोर) में प्रवेश लिया और कम्पनी सरजेंट का पद प्राप्त किया। परन्तु उनके पिता ने उन्हें फौज में जाने से मना कर दिया। 1944 में उन्होंने इकोनोमिक्स और पौलिटीकल साईंस के साथ बी0ए0 पास किया। इसके पश्चात उन्होंने लाहुल स्पिति के लिए समाज सेवा का कार्य आरम्भ कर दिया। उन्होनें लाहुल स्पिति ' यंगमेन एसोसिएशन ' बनाया। मैं इसका प्रधान था और रूड़िंग के पं0 बसन्त राम इसके सचिव थे। सामाजिक, राजनैतिक व स्थानीय समस्याओं को इस संस्था ने अपनाया।

1947 में लाहुल – स्पिति से दिल्ली में कन्स्टीच्युयेंट असैम्बली ने प्रतिनिधि बुलाए। हम तीन जने वहां गए। मैं, बसन्त राम और ठाकुर शिव चन्द। सितम्बर में दंगा होने पर हमें वापिस आना पड़ा।

1935 में लाहुल– स्पिति को आंशिक रूप से अलग रखा गया था। 1948 में ड्राफ्ट आउट लाईन के लिए एक डेपूटेशन दिल्ली गया जिसका मैं प्रमुख था। निर्मल चन्द और निहाल चन्द साथ में थे। हम पंडित जवाहर लाल नेहरू और अयंगर जी से मिले जो कंस्टीच्यूएंट असैंबली और कांग्रेस के प्रेज़िडेंट थे। हमने क्षेत्र के लिए मांग रखी कि इसे शेड्यूल्ड स्टेटस मिले, एडवाईजरी कौसिंल बने और उसे पर्याप्त शक्ति प्राप्त हो।

द्वारकानाथ कचरू कश्मीर मामले के पर्सनल सैकरैट्री और डी0 पी0 धर, जो शेख अबदुल्ला के मन्त्रालय में पार्ल्यामैंट्री सैकरीट्री थे, ने हमसे पूछताछ की। उन्होंने हमारे मैं बहुत दिलचस्पी दिखाई। धर तुरन्त फौजी कुमुक भेजने के लिए श्रीनगर से जहाज में आए थे। पाकिस्तान ने 11 मई 1948 का जोज़ीला पर अधिकार कर दिया था। और लद्दाख में दाखिल हो गए थे। हमारी बात 14 मई 1948 को हो रही थी।

लद्दाख में फौज भेजने के लिए भी बात हुई। हमको नई दिल्ली में वेस्टर्न कमांड हैड कर्वाटर में ले जाया गया और जनरल करयाप्पा से मिलाया गया। लम्बी बातचीत के पश्चात जनरल करयाप्पा ने

2/8 गोरखा राइफल को अतिरिक्त फौज और शस्त्र के साथ भेजना स्वीकार किया। तीन चार दिनों के पश्चात यह कालम चल पड़ी। मैंने गाइड का काम संभाल लिया था। हरी चन्द महावीर चक्र से विभूषित थे और होशियारपुर से सम्बन्धित थे। हमको वाहनों का प्रबन्ध करना था।

जून के माह में रोहतांग और वारालाचा जोत पर अभी वर्फ थी। केलांग से आगे सेना का सामान ढोने के लिए हमने स्वयं सेवक ढूंढे। लेह तक प्रति खच्चर पचास रूपये देने का वायदा किया। लोगों की भावना और सहयोग के कारण 600 घोड़े हमने एकत्रित किये। एक माह में एक घोड़ा 150 रूपये कमा लेता था। मौसम भी अच्छा हो गया था। एक सप्ताह के पश्चात लेह से 33 मील पहले पलादून फंस गए। कुछ गोरखा सैनिक मारे गए और यह घेरा तोड़ा गया। इस बजह से लेह खाली किया गया। उनको दो स्टेज पीछे माछीलांग लाया गया। मेजर खुशाल के साथ मैं लाहुल वापिस हुआ।

1959 में जब चीन ने तिब्बत पर कब्जा किया हमारी सीमा के साथ के इलाकों यथा अल्मोड़ा, गड़वाल, किन्नौर और लाहुल स्पिति के ऊन आदि के व्यापारियों के प्रतिनिधियों का एक दल रामनगर, उतर प्रदेश में एकत्रित हुआ। और उन्होंनें सलाह– मशविरा की। उनको इस घटना के कारण काफी आर्थिक हानि हो रही थी। मैं, जाहलमा के टशी राम और शांशा के टशी दवा के साथ, डेलीगेशन का प्रमुख बना। उन तीन दिनों में एक एसोसिएशन बनाया ' द हिमालयन बार्डर पीपल्स एसोसिएशन ' जिसका मैं प्रधान था। परन्तु भौगोलिक और आर्थिक कठिनाइयों के कारण एसोसिएशन प्रगति नहीं कर सकी। तब हर जगह से एक– एक आदमी चुनकर पांच आदमियों का एक डेपूटेशन बनाया गया और हम प्रधानमंत्री से मिले। प्रधानमंत्री ने हमें आश्वासन दिया कि हमारे व्यापारियों की तिब्बत में रक्षा की जाएगी। चीन उस समय हमारा मित्र था।

1952 में देश में प्रथम जनरल इलैक्शन हुआ। वोट दिसम्बर में पड़ने थे। लाहुल के लिए कलाथ और बशिष्ट में दो पोलिंग स्टेशन बनाए गये थे। हमने इस व्यवस्था का विरोध किया और मुख्य चुनाव अधिकारी विष्णु भार्गव, जो उस समय कुल्लू में ही थे, को तथा अन्य अधिकारियों को लिख कर, रास्ता खुल जाने तक पोलिंग स्थगित करने के लिए प्रार्थना की। हमारी मांग को उपेक्षित किया गया। हमने चुनाव का बहिष्कार किया और काले झण्डे से विरोध किया। यह कार्यवाही हमने कुल्लू में सव डिविजन ऑफिस में किया। साथ में हमने मांग की कि लाहुल – स्पिति के लिए अलग से सीट दी जाए। दूसरा यह कि जब मौसम खुल जाए तभी पोलिंग कराया जाए तथा लाहुल – स्पिति को केन्द्र शासित प्रदेश घोषित किया जाए। हमारा संघर्ष जारी रहा। हमें डी0 सी0 कांगड़ा की ओर से धमकी दी गई। हम अपने उद्देश्य में डटे रहे। मैनें और ठाकर शिव चन्द ने जलूस का नेतृत्व किया। लाल चन्द, बसन्त राम, और सोमदेव भी हमारे साथ शामिल हो गए।

सन् 1952 में लाहुल स्पिति के लिए जालन्धर डिविजन के कमिश्नर ए0 एल0 फलेचर ने ट्राईबल एडवाईजरी कौंसिल का प्रस्ताव दिया। हमें यह स्वीकार नहीं था। जबकि हमारे क्षेत्र को आम चुनाव से उपेक्षित रखा जाने लगा और उसके लिए उचित समाधान नहीं ढूंढा जा रहा था। तत्पश्चात कमिश्नर एस0 सी0 व एस0 टी0 , एल0 एम0 श्रीकान्त ने लाहुल का दौरा किया। उन्होंने कुछ मीटिंग की। जिनके पश्चात कुछ लाहुल के विकास की बात की गई। जैसे कि सड़कें बनाना, सिंचाई के काम आदि तथा स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए स्टाइपंड। इनका निर्णय कौसिंल करेगा। लाहुल के जनजातियों का नाम भी बदल कर बौद्ध तथा स्वांगला रखा गया।

ट्राइवल कौंसिल का गठन इस प्रकार हुआ। मुख्यमंत्री इसका चैयरमैन था तथा चीफ सेकरेटरी इसका सचिव था। इसके 2/3 सदस्य चयनित थे तथा एकतिहाई नांमाकित किए गये थे। इसका प्रथम गठन 1952 में हुआ। इसकी पहली मीटिंग 1952 में मनाली में हुई। मुख्यमंत्री भीम सेन और मुख्य

सचिव नबाव सिंह आए। एक प्रस्ताव था कि सभी विकास के कार्य विभाग करे। दूसरी मीटिंग 1953 में केलंग में हुई भीम सेन रोहतांग पार करके आए, घोड़े पर सवार होकर तथा पैदल चल कर । यह मुख्यमंत्री की पहली यात्रा थी। दूसरी मीटिंग में वही प्रस्ताव दोहराये गये। प्रथम कौसिंल के मैम्बर थे :– 1. देवी सिंह 2. शिव चन्द 3. बसन्तराम 4. फुड़ा से लाल चन्द 5. प्रताप चन्द 6. मुन्शी सजा राम 7. गुमरंग से प्रेम चन्द 8. नोनो टशी 9. छेडुब तथा 10. लोबज़ंग अंगरूप।

मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव को मान लिया। उन्होंने कहा कि यह शक्तियां एम0 एल0 ए0 तथा एम0 पी0 में निहित नहीं हैं बल्कि केवल ट्राइवल कौसिंल के सदस्यों मे ही नीहित हैं दो वर्ष बाद यह शक्तियां वापिस ले ली गई। 1954 में मैनें वी0 डी0 ओ0 के रूप में सरकारी सेवा मे प्रवेश ले लिया था।

1966 में असैंबली का चुनाव हुआ। मैं स्वतन्त्र उम्मीदवार के तौर पर खड़ा हुआ और कांग्रेस प्रत्याशी निहाल चन्द के विरूद्ध जीत प्राप्त की । लाहुल – स्पिति की सेवा का सुनहरा मौका था। मैं 1972 में स्वतन्त्र रूप से लड़ा। एक सप्ताह राम लाल जी के साथ घूमने के पश्चात मैं लता ठाकुर से हार गया। स्पिति सारा एक तरफ हो गया। जिस बजह से मैं चुनाव मे हार गया। मै स्वतन्त्र प्रत्याशी था।

1977 में मैं जनता पार्टी के टिकट पर लड़ा। जीत कर आया और मुझे केबिनेट में शामिल किया गया। मुझे फोरेस्ट, सहकार, जेल तथा ट्राइवल विकास के विभाग दिये गये। कुछ विशेष कारणों से तथा कुछ पार्टी के स्वार्थी व्यवहार के कारण, अधिक समय तक नहीं रह सका। अप्रेल 1979 में मैनें, विचित्र सिंह और श्यामा शर्मा ने पार्टी से त्याग पत्र दे दिया।

1980 में मैं कुछ अन्यों के साथ ठाकुर राम लाल के अनुरोध पर, जो उस समय मुख्यमंत्री के पद संभाले हुए था, कांग्रेस में शामिल हो गया। 1982 में कांग्रेंस का सदस्य होकर चुनाव जीता। मुझे केबिनेट में शामिल किया गया और वन मंत्री का पद दिया गया। 1983 में जब सत्ता का परिवर्तन राम लाल के हाथ से वीरभद्र के हाथ हस्तान्तंरित हुआ तो मैं अपनी पूर्वावस्था में बना रहा।

उक्त लेख ठाकुर देवी सिंह जी के साथ शिमला में उनके सरकारी निवास स्थान में 19 फरवरी 1985 को हुई एक बातचीत के दौरान प्राप्त जानकारी पर आधारित है। इसमें देश की आजादी के समय तथा तुरन्त बाद के लाहुल के इतिहास के कुछ महत्वपूर्ण तथ्य उदघाटित हुए हैं। ठाकुर देवी सिंह के चरित्र के कुछ पक्ष जिनका लोग प्रायः जिक करते हैं वह हैं उनकी सादगी, सच्चाई, इम्मानदारी, लगनशीलता और कर्मठता तथा अन्य भी बहुत कुछ। ऐसे चरित्र आज के समय में विशेष रूप से जिस क्षेत्र में वे कार्यरत थे मिल पाना बहुत कठिन है।

ठाकुर देवी सिंह विधान सभा सत्र के अन्त मार्च 1985 तक मंत्री पद पर बने रहे। उसी वर्ष असैंबली के चुनाव में वे चुन कर आये और 11 नबम्बर 1989 को कुल्लू में अचानक तबीयत खराब हो जो के पश्चात उनका स्वर्गवास हो गया। इस समय वे एम0 एल0 ए0 थे।

बर्ष 2003 में उनका बेटा ठाकुर रघुबीर सिंह, कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में एम0एल0ए0 चुने गये।

वर्ष 1947 में लाहुल और लद्दाख के वीर सैनिकों का लद्दाख के बचाव के लिए पाकिस्तान से युद्ध

–तनज़िन छकदोर

15 अगस्त, 1947 को भारत को स्वतन्त्रता प्राप्त हुई। परन्तु कारगिल और कश्मीर के अन्दर शेरे कश्मीर शेख मुहम्मद अब्दुल्ला के नेतृत्व में पाकिस्तान के विरूद्ध, जिसके घुसपैठिये सैनिक यहां आ गये थे, कारवाई करने का निर्णय किया गया था।

27 अक्तूबर 1947 को कश्मीर और लद्दाख भारत में सम्मिलित किए गए। यद्यपि 1 नबम्बर, 1947 के दिन गिलगित स्काउट ने भारत के विरूद्ध मुहिम छेड़ दिया था और गिलगित के अन्दर पाकिस्तान का झण्डा फहरा दिया गया। उस समय गिलगित के अन्दर साम्प्रदायिक दंगा होने का समाचार सुन कर लद्दाख में भी जनता में डर उत्पन्न हो गया। इसके अतिरिक्त खपूलू में पाकिस्तान की फौज पहुंच जाने से भय और बढ़ गया था। उस समय पं0 डोलू –जो संभवतः कश्मीर सरकार की ओर से नियुक्त एक अधिकारी था, गिलगित से भागकर लद्दाख पहुंचा। उनकी विद्वता को देख कर भारत सरकार ने उनको लद्दाख के निरीक्षक का पद प्रदान किया । तब उन्होनें पाकिस्तान में से युद्ध का भय खत्म करने के लिए " लददाख यंग मैन बुद्धिस्ट एसोसियेशन" के प्रमुख कालोन (अधिकारी) छेवांग रिंगजिन के नेतृत्व में कारगिल के अधिकारियों तथा भारत सरकार दोनों को प्रार्थना पत्र भेजा। इसके पश्चात वे लद्दाख में जगह जगह घूमें। लोगों में एकता का भाव जगाया। और एकत्रित होकर पाकिस्तानी फौज के साथ मुकाबला करने के लिए उनमें हिम्मत पैदा किया। पंडित डोलू लद्दाख की जनता को शिक्षा के द्वारा प्रशिक्षित तथा परियोजना बनाने में कुशल थे। उनकी तथा लद्दाख की जनता के प्रार्थना पत्र के अनुसार डोगरा रेजिमैंट में सैनिक अधिकारी मेजर पृथी चन्द और अठारह सैनिक शीत ऋतु के मध्य में जोजी दर्रा पैदल पार करके 12 मार्च 1948 को लेह लद्दाख में पहुंचे। वे सब लद्दाख की जनता में जाति, धर्म, संस्कृति की समान भावना के द्वारा उनके भीतर युद्ध का भय कम करने तथा उन्हें सुरक्षा प्रदान करने आये थे। उनके साथ एक लद्दाखी इंजिनियर सोनम नोरबू भी जोजीला दर्रा पार कर पैदल लेह पहुंचे थे।

मेजर पृथी चन्द ने लेह में पहुंचने के बाद जनता के लिए बहुत सारे कार्य किये। सबसे पहले जनता की हिम्मत बढ़ाने के लिए लेह दुर्ग में भारत का झण्डा फहराया। दूसरा कार्य अपने देश की सुरक्षा तथा युद्ध का भय दूर करने के लिए लद्दाख के प्रत्येक गांव, कस्बा तथा इलाके के कोने कोने से हर घर से एक एक व्यक्ति सैनिक प्रशिक्षण लेने के लिए आने का अनुरोध किया।

लद्दाख के देश भक्त बहुत सारे जनता निर्भय होकर सैनिक प्रशिक्षण केन्द्रों में सैनिक प्रशिक्षण लेने आने लगे। तीसरा, तब उन्होनें सैनिक प्रशिक्षण केन्द्रों जैसे खलाचे, सस्पोल, बेमी, लेह, छुशोद, नुबरा इत्यादि के प्रशिक्षण केन्द्रों में जाकर निरीक्षण किया और इनमें प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सैनिको को एक शीर्ष नैशनल गार्ड का नाम प्रदान किया। प्रशिक्षण लेने वाले युवकों को अनेक प्रकार के हथियारों को चलाने में प्रशिक्षण देकर 15 दिन के अन्दर दुश्मन से लड़ने की उनमें क्षमता उत्पन्न कर ली गई थी।

दूसरी ओर इंजिनियर सोनम नोरबू ने लेह के निकट एक नया हवाई अड्डा तैयार कर दिया था और 26 मई 1948 के दिन एयर कमांडर मेहर सिंह, में जनरल क0 एस0 थमैय्या जीओसी श्रीनगर डिविजन, आदि एक डकोटा जहाज़ में सवार प्रथम उड़ान से लद्दाख के हवाई अड्डे पर उतरे और जनता ने बहुत जोश से उनका स्वागत किया।

उससे दस दिन पहले पाकिस्तान के बहुत सारे सैनिक कारगिल में पहुंच चुके थे। इसलिए अपने देश में विदेशी शत्रु के भय से बचने के लिए लेह– लद्दाख में एक हवाई अड्डा होना अत्यावश्यक अनुभव किया गया। उस समय पाकिस्तान के बहुत से सैनिक कारगिल से लेह की ओर प्रस्थान कर चुके थे। उसी समय भारतीय सेना के मेजर खुशाल चन्द के नेतृत्व में खलाचे पुल पर पहुंची।

20 मार्च 1948 के दिन भारत तथा पाकिस्तान के फौजों के बीच खलाचे पुल पर लड़ाई हुई। पाकिस्तान के फौज की संख्या अधिक होने तथा उनके पास उतम अस्त्र शस्त्र होने के कारण उनसे लडने में भारतीय सेना को काफी कठिनाई हो रही थीं। मेजर खुशाल चन्द ने पाकिस्तान के सैनिकों को चकमा देकर खलाचे पुल को आग लगा कर 2 सुबेदार नष्ट कर दिया। इनके पश्चात भीम चन्द और मेजर खुशाल चन्द ने दुश्मन की फौज का बन्दूक के सहारे उस पुल के पार छः दिन तक रोक कर रखा।

उस समय लद्दाख के नुबरा की ओर बुमदंग के पार वारी तथा चारूक दरिया पर पाकिस्तान के फौजी पहुंचने का समाचार प्राप्त हुआ। नुबरा की तरफ सुरक्षा की ज़िम्मेवारी सुवेदार भीम चन्द को दिया गया। उन्होंने नैशनल गार्ड के सैनिकों को लेकर नुबरा की ओर प्रस्थान किया। वहां पहुंच कर उन्होंने दुश्मन पर हमला बोल दिया। गिलगित स्काउटस के सैनिकों को मार डाला और उनसे चार बन्दूक और अन्य बहुत सारा सामान छीन कर ले आए।

उसके बीच में खलाचे की तरफ पाकिस्तान की फौज का बहुत जोर था और भारत के सैनिकों को पीछे हटाते हुए तरू के निकट पहुंच गये थे। तरू लेह लद्दाख से बहुत निकट है। इस परिस्थिति को देखकर तरू के तरफ लड़ाई रोकने के लिए नुबरा से सुबेदार भीम चन्द को तुरन्त बुलाया गया और वे तरू पहुंच गए। उस समय सुबेदार भीम चन्द न होने से नुबरा की जनता के मन में डर का आभास हुआ। यद्यपि 17 वर्ष के नुबरा के एक युवक छेवांग रिगजिंन ने नुबरा की तरफ पाकिस्तानी फौज के साथ युद्ध लड़ना स्वीकार किया। तत्पश्चात दश्मन के साथ युद्ध करके विजय प्राप्त किया और भारत सरकार ने उन्हें महावीर चक्र से सम्मानित कर एक वीर योद्धा के रूप में उनको पहचान दी। सन् 1948 में छपी मुहम्मद युसुफ आईदी एम0 ए0 द्वारा लिखित बलतिस्तान पर एक नज़र पुस्तक में दर्ज है कि सन् 1948 में भारत तथा पाकिस्तान दोनों के बीच में युद्व होने पर पाकिस्तान पराजित हुआ। जिसका श्रेय पाकिस्तान की गुप्तचर विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक 17 वर्ष के एक युवा सैनिक छेवांग रिगजिंन को दिया गया है।

मेजर पृथी चन्द के लेख के अनुसार सन् 1948 की लड़ाई में भीम चन्द को तरन क्षेत्र की जिम्मेबारी सौंपी गई थी। नुबरा क्षेत्र को सेनापति छेवांग रिन्छेन तथा नुबरा के एक वीर योद्धा को सौंपा गया। नुबरा की लड़ाई में वीर सैनिक छेवांग रिन्छेन ने गिलगित स्काउट के सेनापति मोटा हसन तथा अन्य दो सेना अधिकारियों को मार डाला। और उन्होनें भारत के बहुत सारे सैनिक होने का आभास दिलाकर तथा होशियारी से पाकिस्तान के शक्तिशाली सैनिकों के एक बटालियन को दो महीने तक वहां रोके रखने में सफलता हासिल की।

पं0 डोलू ने लद्दाख से दिल्ली जाकर पं0 जवाहरलाल नेहरू से मुलाकात की और लद्दाख में हो रहे लड़ाई की उन्हें लगातार विस्तार से समाचार देते रहे। एक जुलाई 1948 को मेजर हरी चन्द के नेतृत्व में गोरखा बटालियन द्वितीय के 278 सैनिकों का दल मनाली की ओर से होकर लेह पंहुचा। मेजर हरी चन्द के साथ भेजा हुआ सैनिक कुमुक के कारण लद्दाख में लड़ रहे लाहुल – स्पिति के सैनिकों तथा लद्दाख की जनता के मन में विश्वास तथा अपूर्व हिम्मत उत्पन्न हो गया। इसलिए सुबेदार भीम चन्द को तरू से पुनः नुबरा को भेजा गया।

मेजर हरी चन्द एक कुशल और लड़ाई में निपुराताता प्राप्त वीर सैनिक थे। वे वास्गो मैं स्थित पाकिस्तान द्वारा स्थापित तोप को नष्ट करने में सफल हुए। तत्पश्चात मरखा होकर लामायुरू पहुंचे। वहां पहुंच कर दो सौ घोड़ों के बोझ के बराबर पाकिस्तानियों द्वारा रखा हुआ अस्त्र शस्त्र के भण्डार को नष्ट कर दिया।

25 नबम्बर 1948 को कारगिल से भारतीय फौज का एक बटालियन जोजी दर्रा पार कर लद्दाख पहुंचा। नया सैनिक कुमुक पहुंचने से पाकिस्तान के फौजियों की हिम्मत टूट गई। यद्यपि 31 दिसम्बर 1948 के दिन भारत तथा पाकिस्तान दोनों ओर से युद्ध विराम की घोषणा कर दी गई। पाकिस्तान ने नुबरा से अपनी फौज हटा दी और भारत ने भी सुबेदार भीमचन्द तथा जमादार छेंवाग रिन्छेन के नेतृत्व मे चल रहे फौजों को नुबरा से वापिस बुला लिया गया।

सन 1948 मे पाकिस्तान और भारत की लड़ाई में लड़ने वाले बीर सैनिक जिन्होनें युद्ध में असाधारण बीरता का प्रदर्शन किया था, उनको भारत सरकार की ओर से सैनिक तमगे प्रदान करके सम्मनित किया गया। 17 वर्ष के छेवांग रिन्छेन को महावीर चक्र, मेजर खुशाल चन्द को महाबीर चक्र, सुबेदार भीम चन्द को बीरचक मेजर पृथी चन्द को बीर चक्र, और सुबेदार तोपगे राम को बीरचक्र के तमगों से विभूशित किया गया । इनमें से छेवांग रिन्छेन लददाख से तथा शेष सभी लाहुल से सम्बन्धित थे। पृथीचन्द, खुशाल चन्द और भीम चन्द आपस में रिश्तेदार हैं। लद्दाख में लड़ाई के दौरान भीमचन्द की धर्मपत्नी का देहान्त होगया। फिर भी वे देश की रक्षा में सीमा पर लड़ाई पर व्यस्त रहे और घर नहीं आये। लड़ाई समाप्त होने के पश्चात उन्होनें अपनी बेटी का विवाह समजातिय व समान संस्कृति वाले एक होनहार लद्दाखी युवा से करा दिया। इन महावीरों ने देश के इतिहास में दूसरों के लिए एक मिसाल पेश किया है।

लेफ्टीनेंट कर्नल पृथी चन्द, एमवीसी (रि0)
एक बहादुर और देशभक्त योद्धा की कहानी

–ठाकुर पृथी चन्द

मेरा जन्म 1911 में खंगसर गांव स्तोद में हुआ। केलांग मिडिल स्कूल से प्राईमरी की शिक्षा प्राप्त की । सन 1921 में मेरे पिता रायबहादुर ठाकुर –अमर चन्द जो उस समय लाहुल के बजीर थे की मृत्यु हो गई और मेरी माता जी का भी उसी वर्षं स्दर्गवास हो गई। तब मेरे बड़े भाई ठाकुर अभय चन्द ने बजीरी का भार संभाला और वे मेरे संरक्षक भी हो गए। मैनें गर्वनमैंट हाई स्कूल कुल्लू में पांचवी कक्षा में दाखिला लिया और 1929 में दसवीं कक्षा पास की । मैं आगे शिक्षा ग्रहण नहीं कर सका क्योंकि मेरे भाई अभय चन्द को दिमागी बीमारी हो गई थी। तब मेरे बड़े भाई ठाकुर प्रताप चन्द लाहुल के बजीर बने और मैनें घर की देखभाल करनी शुरू कर दी।

मेरे भाई ठाकुर अभय चन्द ने टेरिटोरियल बटालियन 11/17 डोगरा में जालन्धर में प्रवेश किया। वह लैफ्टीनेंट थे। और उन्होंनें केवल लाहुली सिपाहियों की एक राईफल कम्पनी का गठन किया। सभी लाहुली सर्दियों में तीन महीने के लिए सैनिक ट्रेनिंग लेने जाते थे। 1929 में बीमार हो जाने के पश्चात मेरे भाई प्रताप चन्द ने बटालियन में प्रवेश लिया और उन्हें कमीशन प्राप्त हुआ। वे इस बटालियन में बतौर कैप्टन 1942 तक सेवा करते रहे। सन 1935 में ठाकुर प्रताप चन्द, लाहुल के बजीर के समय , वहां के ऊन के व्यापारियों को बड़ी हानि का सामना करना पड़ा । ऊनकी कीमत पन्द्रह रूपये प्रति मन तक गिर गया। व्यापारियों ने मेरे भाई से इस व्यापार को व्यवस्थित करने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने मुझे इस समस्या के विषय में जानकारी दे दी थी। मैंने उनको इकट्ठा किया और एक ऊनी व्यापारी संगठन बनवाया। मैंने सरकार से पत्राचार किया । बतौर संगठन के अध्यक्ष के रूप में मैं ऊन की इक्कीस रूपये प्रति मन तक बढ़ाने में सफल हुआ। जो धीरे–धीरे रूपये पैन्तीस प्रति मन तक बढ़ गया। इस प्रकार व्यापारियों की सहायता करके उनको हानि से बचाने में कामयाब रहे।

सन 1936 में बिचौलियों के छेड़छाड़ के कारण कुठ के व्यापार को हानि पहुंची। मैनें फिर एक संगठन बनवाया, " द लाहुल कुठ ग्रोअरज़ कम्पनी लि॰' के नाम से । जिला कांगड़ा के इतिहास में इस प्रकार की संस्था पहली थी। मैं इस कम्पनी का चैयरमैन और डायरैक्टर था । कम्पनी के प्रति मेरा सर्मपण तथा मेरे भाई ठाकुर प्रताप चन्द की सहायता से मैं इन व्यापारियों को कामयाब बनाने में सफल रहा। उस समय कुठ की कीमत रूपये 250/– प्रति किलो थी और हम 1939 तक लाखों रूपये का व्यापार करने में कामयाब हुए।

सन 1934 में मैनें भी 11/17 डोगरा बटालियन में प्रवेश लिया और मुझे जूनियर कमीशन ऑफ़िसर का रैंक दिया गया। ग्रीष्म के समय मैं घर का काम चलाता था, तथा चैयरमैन –डायरैक्टर की डयूटी देता था। सर्दियों में फौजी ट्रेनिंग के लिए जाता था।

सन 1939 में जब महायुद्ध छिड़ गया हमको सक्रिय सेवा के लिए बुलाया गया और पूरे समय में सेवा में रहना पड़ा, अतः मुझे कुठ की कम्पनी के चैयरमैन का पद त्यागना पड़ा। इसके बाद इस कम्पनी को बहुत हानि हुई। 1939 में मुझे 11/17 टी0 ए0 बटालियन में कमीशन मिला, बतौर लेफ्टिनेंट। सन 1942 में यह नया डोगरा रेजिमेंट हो गया और 1946 में इसे सैकिन्ड डोगरा बटालियन में मिला दिया गया।

हमारे लाहुल की कम्पनी का कार्य प्रशंसनीय रहा और उनके काम की बहुत प्रशंसा हुई। सन 1945 में जब युद्ध समाप्त हुआ , बहुत से लाहुलवासी फौज छोड़कर आ गए और सैकिन्ड बटालियन में मात्र 30 आदमी रह गए थें। मैं स्वयं मैजर , कैप्टन खुशाल चन्द, सूबेदार भीम चन्द और लगभग 20 अन्य रैंक के आदमी सेना में थे।

सन 1947 में देश का विभाजन होने पर हमारे बटालियन को नवम्बर माह में कश्मीर भेजा गया और पाकिस्तानी घुसपैठियों से लड़ने के लिए नियुक्त किया। जब हम कश्मीर सीमा पार युद्ध में तैनात थे, हमने अनुभव किया कि लद्दाख , पाकिस्तान के आकमण के खतरे में अधिक उदघाटित हो गया है। परन्तु लद्दाख में दुश्मन का मुकाबला कर सकने वाला कोई बलशाली सैनिक संगठन नहीं है। जोज़ीला सर्दियों में बन्द हो गया था और वर्फ से ढक गया था। इस मौसम में दर्रा पार कर पाना कठिन है।

परन्तु हमें लगातार चिन्ता सता रही थी कि जब हम यहां कश्मीर में लड़ रहें हैं, दुश्मन लद्दाख में प्रवेश कर सकता है, और वहां लूट मार का तांडव रचा जा सकता है। मैंने अपने ले० कर्नल जी० जी० विबूर से मुलाकात की तथा उनको कहा कि यदि आप लाहुली और लद्दाखी सिपाहियों को लद्दाख भेजेंगें तो वहां हम युद्ध के लिए प्रबन्ध करेंगें औंर लद्दाख को बचाएंगे। यह सौभाग्य था कि लद्दाख के युवक बौद्ध संगठन ने राफ्ट्र के प्रिय नेता पंडित जवाहर लाल नेहरू को तार भेजकर प्रार्थना की थी कि उनके प्रशिक्षण तथा सहायता के लिए प्रशिक्षक और शस्त्र भेजे जाएं। ताकि वे लद्दाख की रक्षा कर सकें।

लद्दाख पर खतरा मंडराता देख प्रधानमंत्री ने सेना के मुख्य को लद्दाख की रक्षा के लिए प्रबन्ध करने का आदेश दिया । तब हमारे ब्रिगेड कमांडर एल० पी० सेन को कश्मीर में हुक्म हुआ कि कुछ ट्रक लद्याख भेजे जाएं और उसकी रक्षा की जाए। बिग्रेड में पहले ही कश्मीर के लिए लड़ने वालों की कमी थी। भारी वर्फ के कारण दर्रे बन्द थे। अतः सैनिक भेजना नामुमकिन था। परन्तु जैसे कि घटना घटी कि कम्पनी और ब्रिगेड कमांडर के बीच बातचीत हुई। हमारी कम्पनी ने इच्छा व्यक्त की कि मेजर पृथी चन्द जो सैकिन्ड इन कंमाड थे लगभग 20 लाहुली व लद्दखी सिपाहियों के साथ लद्दाख जाने की इच्छा रखते है। ब्रिगेड कमांडर ने तुरन्त हमको बुलाया और कहा यदि तुम लद्दाख जाना चाहते हैं तो हम तुम्हारी सहायता कर सकते हैं और तुम्हारी यात्रा का प्रबन्ध कर सकते हैं। अतः फरवरी 1948 में मुझे कालम कमांडर बना कर मेरे अधीन मेजर खुशाल चन्द, सुबेदार भीमचन्द और 16 अन्य रैंक जिसमें नौ लाहुली तथा सात लद्दाखी थे, को लद्दाख जाने का हुकम हुआ।

हम दस फरवरी को श्रीनगर से रवाना हुए। गन्दरबल से आगे हमें पैदल बर्फ पर जाना था। गुण्ड में भारी बर्फवारी के कारण हमें वहां आठ दिन तक रूकना पड़ा। तब हम आगे बढ़ पाए। 26 फरवरी को हम ने जोजी ला पार किया। और 9 मार्च को लेह लद्दाख पहुंचे। हम मध्य शीत ऋतु की कड़ी ठण्ड में बर्फ पर 200 मील तक पैदल चलते रहे।

लद्दाख में हमने ट्रेनिंग पार्टी का इन्तजाम किया और स्थानीय वालंटियरों को अलग अलग जगह पर ट्रनिंग देना शुरू कर दिया। तब पाकिस्तानियों ने हमला करके कारगिल पर काबू कर किया। और नुबरा और सिन्ध से होकर लेह की ओर बढ़ने लगे। हमने गौरिला विधि से अगस्त मास तक दुश्मन के फौज को दूर रखा। तब लाहुल से होकर तथा हवाई जहाज से नियमित रक्षा सिपाही सैनिक आए और 18 नवम्बर तक हम ने लद्दाख की रक्षा की। जब भारतीय सेना जोजी ला से होकर पहुंची तो हमने मिलकर दुश्मन को खदेड़ा और उनको भागते हुए पीछा किया और लद्दाख को पाकिस्तानी हमलावरों से बचाया।

गौरिला कारवाई के दौरान हमने दुश्मन की सीमा के भीतर धुस कर दुश्मन के तोपों और असले के भंडार को नष्ट किया। यह सब संभव हुआ लाहुली और लद्दाखी सिपाहियों की इतनी ऊंचाई और कठिनाई भरे दशा में लड़ने की क्षमता के कारण जो प्रायः सत्तु के राशन पर जीती रही। वे सच्चे देश भक्त थे।

अनियमित सैनिक संगठन जिसको हमने प्रशिक्षित किया था और पाकिस्तानी दुश्मन से लड़े थे, को बाद में 7 वीं जे0 एंड के0 मिलिशिया बटालियन का नाम दिया गया। बाद में यह प्रथम लद्दाख स्काउट के नाम से जाना जाने लगा। 1948 के दौरान निम्न जनों ने बहादुरी के खिताब प्राप्त किये।

1	ले0 कर्नल पृथी चन्द	महाबीर चक्र
2	ले0 कर्नल खुशाल चन्द	महाबीर चक्र
3	सुबेदार भीमचन्द	बीर चक्र और बार
4	सुबेदार (बाद में मेजर) छेवांग रिन्छेन	महाबीर चक्र
5	सिपाही तोबागे राम	वीर चक्र

लद्दाख स्काउट की यह बटालियन बाद में 1962 में चीनी आक्रमण कारियों के विरूद्व कार्रवाई के दौरान भी बहादुरी से लड़ी और 35 तगमें अर्जित किये। लद्दाख स्काउट के मेजर छेवांग रिन्छेन ने फिर महावीर चक्र प्राप्त किया और लाहुल से तनज़िन फुन्चोग को मृत्योपरांत महावीर चक्र प्रदान किया गया।

इस प्रकार से यह सिद्ध हो गया है कि प्रथम महायुद्ध से लेकर 1971 की लड़ाई तक लाहुली और लद्दाखी योद्धा उतम श्रेणी के योद्धा हैं और अपने देश को हर समय बचाने में अत्यन्त कुशल है।

ठाकुर अमय चन्द 11/17 डोगरा रैजिमेंट में लेफ्टीनेंट थे। वे 1924 से 1929 तक लाहुल के बज़ीर रहे। उसके बाद मानसिक कष्ट के कारण अपने पद पर कायम नहीं रह सके।

ठाकुर अमय चन्द की बीमारी के पश्चात ठाकुर प्रताप चन्द ने लाहुल के बजीर का कार्यभार संभाला। वे 11/17 डोगरा में कैप्टन थे। वे 1929 से 1939 तक लाहुल के बजीर रहे।

......

उक्त लेख, जिसका मूल अंग्रेजी में है, निम्न हस्ताक्षर कांरी ने लेखक से रांगड़ी गांव मनाली से सितम्बर 1979 में प्राप्त किया था और उसको हिन्दी में अनुदित करके यहां प्रस्तुत किया गया है। अपने रिटायर्ड जीवन के अन्तिम समय बिताने के लिए वे रांगड़ी में बस गए थे। उनका जीवन सुख और शान्ति से व्यतीत हो रहा था। फिर उन्हें अचानक एक दिन कष्ट हुआ और चार दिनों तक कठिनाई में रहने के पश्चात 28 जनवरी 2000 को निर्वाण की अवस्था में प्रवेश कियझं

–तोबदन

एवरेस्ट विजेता प्रेम सिंह

पर्वतारोहण के क्षेत्र में प्रेम सिंह की उपलब्धियां बहुत ही सराहनीय है । उन्होंने कम उम्र में जो कामयाबियां प्राप्त की हैं, उनसे देश, प्रदेश और क्षेत्र का नाम ऊंचा हुआ है ।

प्रेम सिंह का जन्म 1964 में लाहुल स्पिति जिला के करदंग गांव में हुआ । प्रारम्भिक शिक्षा अपने क्षेत्र में प्राप्त करने के पश्चात् वे धर्मशाला, जिला कांगडा, आए जहां से उन्होनें बी0 ए0 की डिग्री प्राप्त की । इसके पश्चात् आई0टी0बी0पी0 में भर्ती हो गए । यहां उन्हें अपनी योग्यता प्रदर्शित करने का भरपूर मौका मिला और उन्होनें मौके का पूरा लाभ उठाया । वास्तव में उनके साहसिक गुण सेवा में प्रवेश होते ही प्रगट होने लगे थे । प्रशिक्षण के समय उत्तम प्रदर्शन तथा सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थी होने के कारण उन्हें भारत सरकार के गृहमन्त्री के अवार्ड से सम्मानित किया गया ।

दार्जिलिंग में पर्वतारोहण में उच्च प्रशिक्षण लेते हुए तथा गुलमर्ग में पर्वतीय युद्ध कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए, वे फिर अपने बैच में सर्वश्रेष्ठ रहे ।

सन् 1992 में आई0टी0बी0पी0 का दल एवरेस्ट की चढ़ाई के लिए नियुक्त हुआ जिसमें प्रेम सिंह को भी सम्मिलित किया गया । 8335 मीटर की उंचाई पर जाकर उनकी ऑक्सीजन की सप्लाई समाप्त हो गई । वाबजूद इसके वे विचलित नहीं हुए और उन्होनें अपना अभियान चालू रखा । परिणामस्वरुप 10 मई 1992 को वे एवरेस्ट के शिखर पर बिना ऑक्सीजन की सहायता से पहुंचने में सफल रहे और वहां भारत का राष्ट्रीय तिरंगा फहराया । सन् 1996 में इस संगठन का एक ओर दल उत्तर दिशा की ओर से चढ़ा जिसमें फिर प्रेम सिंह शामिल थे । 7925 मीटर की ऊंचाई में पहुंचकर उन्हें व्यक्तिगत आकांक्षा का त्याग कर मूल मानवधर्म वरण करना स्वीकार्य हुआ । उन्होनें अपने दल के दो सदस्यों को मौत के मुंह से बचाया । इसके साथ ही उनका 6401 मीटर की उंचाई पर 35 दिन तक बने रहने का नया रिकार्ड स्थापित हुआ । हिमाचल सरकार ने प्रेम सिंह की इन अति महत्वपूर्ण उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया ।

जनवरी सन् 2005 में लद्दाख में 6121 मीटर की उंचाई वाली चोटी पर अपने दल के उपनेता के रुप में चढ़ने में कामयाब रहे । सन् 2006 में उत्तर (चीन) की ओर से एवरेस्ट की चढ़ाई आरम्भ हुई जिसके प्रेम सिंह फिर उपनेता थे । 6553 मीटर की उंचाई से ऊपर की आवश्यकताओं के प्रबन्धन का भार उनके ऊपर था । वे पुनः विश्व के उच्चतम शिखर पर पंहुचनें में सफल हुए और भारतीय पुलिस दल के ऐसे प्रथम सदस्य बने ।

उनकी एक अन्य उपलब्धि है । फिर अपनी व्यक्तिगत अकांक्षा का त्याग कर उन्होंनें एक अन्य अभियान में 7041 मीटर की उंचाई पर एक सदस्य के जीवन की रक्षा की । प्रेम सिंह को अन्य अलंकारों से सुसज्जित किए जाने की सम्भावना है । प्रेम सिंह का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है ।

ठाकुर देवी सिंह अपने परिवार के सदस्यों के साथ

खूब राम ठाकुर,
पहाड़ी रामायण को टांकरी से नागरी में लिखते हुए

एवरेस्ट विजेता, प्रेम सिंह

पारम्परिक वेशभुषा में

GUPTA OFFSET PRINTERS, KULLU
MOBILE : 98163-90864